

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

RNI No. CHHHIN/2009/35020

◆ वर्षः -15 ◆ अंकः 355 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, शुक्रवार 27 अक्टूबर 2023





पेज -7 पर समोदा व्यापवर्तन को पूर्ण करना ही होगी मेरी पहली प्राथमिकता...

पेज -8 पर धरमजयगढ़ सिविलि अस्पताल में ओपीडी कर्मचारी के मनमानी ...




JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


## प्रभारी कुमारी शैलजा ने दी नसीहत, कहा- पार्टी के प्रति जिनकी निष्ठा है वे पार्टी में ही रहे

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा, सह प्रभारी चंदन यादव और डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव आज बलरामपुर पहुंचे. इस दौरान तीनों नेता कांग्रेस प्रत्याशियों के नामांकन दाखिले के कार्यक्रम में शामिल हुए. वहीं नामांकन दाखिले के दौरान जिले के दोनों विधानसभा के सिटिंग नदारद रहे.

इधर प्रदेश प्रभारी शैलजा ने कहा कि वर्तमान समय मे प्रदेश में कांग्रेस के पास 71 सीटें हैं और बीच-बीच में कही-कही पर कार्यकर्ताओं की मांग थी की नए चेहरों को मौका दिया जाना चाहिए. जिसपर विचार करते हुए पार्टी ने टिकट का वितरण किया है. वहीं नाराज दोनों सिटिंग एमएलए को लेकर कुमारी शैलजा ने कहा कि पार्टी के प्रति जिनकी निष्ठा है वे पार्टी में ही रहे. प्रदेश प्रभारी ने दावा किया है कि कांग्रेस इस बार फिर प्रदेश में सरकार बनायेगी.



दरअसल, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा, सह प्रभारी चंदन यादव और डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव बलरामपुर कांग्रेस प्रत्याशियों के नामांकन दाखिले के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे. वे रामानुजगंज सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अजय तिर्की और सामरी विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी विजय पैंकरा के नामांकन रैली में शामिल हुए. इस दौरान कांग्रेस के रामानुजगंज और सामरी विधानसभा सीट से मौजूदा विधायक नदारद रहे .यही नहीं कांग्रेस ने रैली निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया. वहीं डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा कि सरगुजा संभाग में जहां भी प्रत्याशी नामांकन फॉर्म भर रहे हैं, ऐसा लगता है कि वहां से मैं चुनाव लड़ रहा हूं और पूरे सरगुजा संभाग सहित छत्तीसगढ़ में फिर से कांग्रेस की सरकार बन रही है.

### एक नजर

### जोगी कांग्रेस की तीसरी सूची जारी



**रायपुर.** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने आज अपने प्रत्याशियों की तीसरी लिस्ट जारी की है. इसमें 5 विधानसभा क्षेत्र के लिए उम्मीदवार घोषित किए गए हैं. जोगी कांग्रेस ने महासमुंद में नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग और लोरमी में सागर सिंह को मैदान में उतारा है. महासमुंद और लोरमी विधानसभा में अब त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना है। बता दें कि महासमुंद में राशि महिलांग नगर पालिका अध्यक्ष और कांग्रेस नेत्री हैं. वहीं सागर सिंह कांग्रेस के जिलाध्यक्ष थे, पार्टी से टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने इस्तीफा देकर जोगी कांग्रेस ज्वाइन किया. अब अमित जोगी ने उन्हें लोरमी से टिकट दिया है.

### युवक से मारपीट

**रायपुर।** सुंदरनगर पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार युवक ने अपने दोस्त के साथ मिलकर कार चालक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी निखिल पटेल 24 वर्ष कार चला रहा था तभी बाइक क्रमांक सीजी 04 एचयू 9443 के चालक अपने दोस्त के साथ बाइक पर मोबाइल में बातें करते हुए जा रहा था।

# 6 कांग्रेस प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन

## ढोल-बाजे के साथ निकाली गई रैली, सीएम भूपेश भी हुए शामिल

रायपुर। रायपुर जिले में गुरुवार को 6 कांग्रेस प्रत्याशियों ने एक साथ नामांकन दाखिल किया। इस दौरान कलेक्ट्रेट के बाहर ढोल-बाजे के साथ कांग्रेस कार्यकर्ता भी एकजुट हुए। वहीं सीएम भूपेश बघेल समेत कई दिग्गज भी प्रत्याशियों के साथ कलेक्ट्रेट ऑफिस पहुंचे।




कांग्रेस पार्टी ने सभी 90 सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। इसके बाद से लगातार सीएम भूपेश बघेल अलग-अलग जिलों के प्रत्याशियों के नामांकन रैली में शामिल हो रहे हैं। वहीं कल बीजेपी से भी 3 प्रत्याशियों ने एक साथ नामांकन दाखिल किया था।

### देरी से पहुंचे महंत राम सुंदर दास

*नामांकन के दौरान रायपुर दक्षिण के प्रत्याशी राम सुंदर दास देरी से पहुंचे। तय समय से बाकी प्रत्याशियों के साथ सीएम भूपेश बघेल ने कलेक्ट्रेट में जाकर नामांकन भी दाखिल कर दिया। बाहर निकल कर जब अपनी गाड़ी में बैठने वाले थे तभी महंत अपने समर्थकों के साथ वहां पहुंचे। हालांकि सीएम फिर से लौटे और राम सुंदर दास के नामांकन में भी शामिल हुए। मीडिया से बात करते हुए, सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि, लोगों को पता है बीजेपी वह सब नहीं करेगी जो कांग्रेस ने किया है और आगे करने वाली है, बात गारंटी की नहीं है, बात भरोसे की है जो लोगों को सिर्फ कांग्रेस पर है।*

### मंत्री शिव डहरिया, छाया वर्मा और कुलदीप जुनेजा ने भरा नामांकन, तीनों ने 75 पार सीटें जीतने का किया दावा



गुरुवार को मंत्री शिव कुमार डहरिया, पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा और रायपुर उत्तर विधायक कुलदीप जुनेजा ने नामांकन भरा. इस दौरान तीनों नेताओं ने जीत का दावा किया. नामांकन दफ्तर पहुंचे मंत्री शिव कुमार कुमार डहरिया ने कहा कि पूरा माहौल है. छत्तीसगढ़ में कांग्रेस और भूपेश बघेल के नेतृत्व में जिस प्रकार से कम हुए हैं, छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस सरकार पर विश्वास कर रही है. प्रदेश में दोबारा कांग्रेस की सरकार आएगी. 68 सीट हमने जीते हैं, पांच उपचुनाव हमने जीते हैं, इस बार जनता यह कह रही है कि अबकी बार 75 पार. हम अधिकांश सीट पर जीत हासिल करेंगे. आरंग में मुद्दो को लेकर कहा कि मुद्दे जो है वो वादे थे, हमने 36 वादे किए थे, 35 पूरे किए हैं. इस बार भी किसानों का कर्ज माफ और साढ़े 17 लाख लोगों को आवास हम देंगे. लोगों के खाते में राशि चली गई है, आचार संहिता समाप्त होते ही बाकी लोगों के खाते में राशि जाएगी, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बेहतर काम किया है. केंद्रीय नेताओं के दौरे को लेकर कहा कि जिस तरह बरसात में मेंढक निकल कर आते हैं, उसे और साल भर गायब रहते हैं।

जेपी नड्डा का छत्तीसगढ़ दौरा

## दो दिन छत्तीसगढ़ में रहेंगे बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**रायपुर.** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा 28 और 29 अक्टूबर को दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर आ रहे हैं. जारी कार्यक्रम के मुताबिक वे 28 अक्टूबर को रात 8 बजे से 9.30 बजे तक प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आयोजित बैठक में सामिल होंगे. इसके बाद भोजन, फिर कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में ही रात्रि विश्राम करेंगे. दूसरे दिन 29 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से 10.30 बजे तक एकामत्म परिसर में बैठक लेंगे. 11 से 11.30 बजे तक अमलीडीह में मन की बात कार्यक्रम में शामिल होंगे. इसके बाद वे रायपुर एयरपोर्ट के लिए




रवाना होंगे, जहां से वे डोंगरगढ़ विधानसभा के ठेलकाडीह गांव में सभा को संबोधित करेंगे. इसके बाद पडंरिया में स्वामी आत्मानंद हाई स्कूल में आयोजित जनसभा को भी वे संबोधित करेंगे. यहां से वे चंद्रपुर विधानसभा के मालखरौदा जाएंगे और सभा को संबोधत करेंगे. इसके बाद वे रायपुर एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे.

## रायपुर, बिलासपुर समेत इन जिलों में फटाखे जलाने पर प्रतिबंध

दीपावली और छठ पर्व में सिर्फ कुछ समय की मिली छूट, आदेश जारी

**रायपुर।** पर्यावरण विभाग ने पटाखे को लेकर गाइडलाइन जारी किया है. इसके अनुसार इस साल भी सिर्फ हरित पटाखे ही बाजारों में बिकेंगे. दीपावली, छठ, गुरु पर्व और क्रिसमस को लेकर भी दिशा निर्देश जारी किए गए हैं. इन त्योहारों में सिर्फ 2 घंटे ही पटाखे फोड़ सकेंगे. वहीं वायु प्रदूषण को देखते हुए रायपुर, बिलासपुर, भिलाई-दुर्ग, रायगढ़ और कोरबा के नगरीय क्षेत्रों में 1 दिसंबर से 31 जनवरी तक फटाखा फोड़ना प्रतिबंधित किया गया है. दीपावली पर रात 8 से 10 बजे तक पटाखे जलाने की अनुमति रहेगी. वहीं





छत्तीसगढ़ शासन
आवास एवं पर्यावरण विभाग,
मंत्रालय, महानदी भवन,
नवा रायपुर अटल नगर-492002, जिला-रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक:एफ 04-12/2020/32 नवा रायपुर, दिनांक 25/10/2023

प्रति,
1. संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)
2. कलेक्टर, कार्यालय कलेक्टर, जिला ......... (छ.ग.)
3. पुलिस अधीक्षक, कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला ......... (छ.ग.)

विषय :- माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल, प्रिंसिपल बेंच, नई दिल्ली द्वारा पटाखों के उपयोग के संबंध में ओ. ए. क्रमांक 249/2020 में पारित आदेश दिनांक 09/11/2020 के परिपालन में आवश्यक कार्यवाही किये जाने बाबत।

संदर्भ :- 1. माननीय उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन याचिका नं. WPC 728/2015, एवं IA No. 44727/2021.
2. कार्यालय मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन का आदेश क्रमांक 625/CS/2020, दिनांक 09/11/2020.
3. छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना दिनांक 29/11/2017.

—00—

कृपया उक्त विषयांतर्गत संदर्भित आदेश का अवलोकन करें। सुलभ संदर्भ हेतु आदेश की प्रति संलग्न है। तदानुसार निम्नलिखित बिन्दुओं पर कार्यवाही अपेक्षित है:-
1. राज्य में केवल हरित पटाखों का विक्रय एवं उपयोग सुनिश्चित किया जावे।
2. दीपावली, छठ, गुरु पर्व तथा नया वर्ष/क्रिसमस के अवसर पर पटाखों को फोड़ने की अवधि 02 घंटे निर्धारित की गई है, जो निम्नानुसार है :-
1. दीपावली रात्रि 8:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक
2. छठ पूजा प्रातः 6:00 बजे से प्रातः 8:00 बजे तक
3. गुरु पर्व-रात्रि 8:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक
4. नया वर्ष/क्रिसमस रात्रि 11:55 बजे से रात्रि 12:30 बजे तक

छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना दिनांक 29/11/2017 के आदेश के तहत पटाखों के जलाने से शीत ऋतु में वायु प्रदूषण में वृद्धि होती है। अतः वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का सं. 14) की धारा 19 की उप-धारा (5) के अधीन प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार द्वारा रायपुर, बिलासपुर, भिलाई-दुर्ग, रायगढ़ एवं कोरबा के नगरीय क्षेत्रों में प्रतिवर्ष 01 दिसम्बर से 31 जनवरी तक की अवधि में पटाखों का जलाया जाना प्रतिबंधित किया गया है।

क्रिसमस पर मात्र 35 मिनट ही पटाखे फोड़ने की अनुमति है. सभी एसपी और कलेक्टर को सर्कुलर भेज दिया गया है. यह आदेश आवास एवं पर्यावरण विभाग के विशेष सचिव महादेव कांवरे ने जारी किया है।

राहुल गांधी के दौरे और घोषणा पर सांसद सुनील सोनी का तंज,

## छत्तीसगढ़ को आपने एटीएम बनाया, जनता का पैसा लूटकर आपने अपने खजाने में डाला, उसका हिसाब दो

**रायपुर।** राहुल गांधी के दौरे और घोषणा को लेकर सांसद सुनील सोनी ने कांग्रेस पर तंज कसा है. राहुल गांधी घोषणा वीर हैं, कई बार आए थे. राहुल गांधी के समाने आपने गंगाजल हाथ में लेकर 36 कसमें खाई थी, कहां है राहुल गांधी से पूछिए ना. मैं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं, जिस प्रदेश में आप आ रहे हो उस प्रदेश को आपने एटीएम बनाया. यहां की जनता का पैसा लूटकर आपने अपने खजाने में डाला, उसका हिसाब दो. सीएम भूपेश बघेल के बयान पलटवार करते हुए सुनील सोनी ने कहा कि आधा अधूरा कर्ज माफ करके दम न ठोकें. पीएम ने कांग्रेस हो या बीजेपी सबको



वैक्सीन लगाया है और सीएम फोटो लगाने में मस्त हैं. गरीब जनता आज पूछ रही है कि उनका आवास और पैसा कहां गया. जल जीवन मिशन के तहत भ्रष्टाचार हुआ. बीजेपी की कथनी और करनी में अंतर नहीं है. सांसद ने कहा कि शराब बंद कर दूंगा, बेरोजगारी भत्ता दे दूंगा, अब यह बात क्यों नहीं कर रहे हैं.

महिला प्रत्याशी भी सक्षम

## कांग्रेस जो कहती है उसे करती है- कुमारी शैलजा

### जमीनी स्तर के लोगों को मिला टिकट

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है. सभी राजनीतक पार्टियां की चुनावी प्रचार अब जोर पकड़ने लगा है. प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा आज कोरबा दौरे पर रहेंगी. उन्होंने लगातार दौरों को लेकर कहा, कई जगह कल हम गए हैं. सब जगह लोगों में उत्साह है. हमारे कार्यकर्ताओं में बेहद उत्साह है. जो हमने काम किया उसको लोग पहचान रहे हैं. पकड़ता जा रहा है. हमारे नामांकन सब जगह भरे जा रहे हैं. लोगों में एक भावना जोर पकड़ती जा रही है कि कांग्रेस जो कहती है वो करके दिखती है. हमारा घोषणा पत्र भी आना है. सब लोग इंतजार में हैं जल्द ही हम लाएंगे. नए प्रत्याशियों को लेकर लोगों का कैसा रिस्पॉन्स




है, इस पर सैलजा ने कहा, ये बदलाव हैं. टिकट भी हमारे यहां उन्ही को मिलता है, जिनका नाम राजनीति में जमीनी स्तर पर रहा हो. समय-समय पर बदलाव होता है. कभी किसी को पार्टी मौका देती है. बहुत सोच समझकर टिकट वितरण होता है.

महिलाओं को टिकिट देने को लेकर कुमारी सैलजा ने कहा, हमने 20 प्रतिशत महिलाओं को टिकिट दिया है और सिर्फ देने के लिए नहीं दिया है. वो सक्षम हैं. महिलाओं को साधने के लिए नहीं हमारा नेतृत्व बेहतर है. बीजेपी के आरोपों पर कुमारी सैलजा ने कहा, बीजेपी के पास कुछ नहीं है. ढूंढने की कोशिश करते हैं. खोद रहे हैं कहा से हम क्या निकाले. सामने इनको कुछ नज़र नहीं आ रहा. सामने लोग विकास देख रहे हैं. बीजेपी के 15 साल बनाम कांग्रेस पार्टी के 5 साल, काम हुआ है, इस काम की कोई काट नहीं है।

*पहले से खोले गए पृथक बैंक के खाते में राशि जमा कर उसमें से राशि निकाल कर खर्च करना होगा*

# हर प्रत्याशी को चुनाव में किये खर्चों की पूरी जानकारी देनी होगी

रायपुर । छत्तीसगढ़ में विधानसभा का चुनाव लड़ रहे सभी प्रत्याशियों को चुनाव के दौरान किए जाने वाले सभी खर्चों का पूरा हिसाब व्यय लेखा प्रेक्षक के समक्ष अनिवार्य रुप से प्रस्तुत करना होगा।




इस हेतु निर्वाचन के दौरान किए गए सभी खर्चों को एक निर्धारित प्रारुप के रजिस्टर में जिसे व्यय लेखा रजिस्टर कहते है में बना कर निर्धारित तिथि तक निर्वाचन व्यय प्रेक्षक के समक्ष प्रस्तुत करना होगा।

अभ्यर्थी व्दारा रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष अपना नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करते समय चुनाव के व्यय हेतु अलग से खोले गए बैंक खाते की जानकारी भी दी जाती है। चुनाव में सभी प्रकार के खर्चों के लिए बैंक में खोले गए खाते से ही राशि खर्च करना पड़ता है। इसमें नामनिर्देशन की तिथि से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तिथि तक किए गए निर्वाचन व्यय की जानकारी देना होता है।

निर्वाचन के हिसाब को रखने के लिए पृथक से खोले गए बैंक खाते में अभ्यर्थी व्दारा स्वयं की राशि अथवा किसी और स्त्रोत से प्राप्त राशि को जमा कर उसी में से खर्च करेगा। यह बैंक खाता अभ्यर्थी का स्वयं का या अपने निर्वाचन अभिकर्ता के साथ संयुक्त रुप से खोला जाता है। अभ्यर्थी को यदि किसी व्यक्ति या फर्म को नगद राशि में भुगतान करना हो तो वह बैंक से राशि आहरित कर 20 हजार रुपए तक का नगद भुगतान कर सकता है। इससे ज्यादा की राशि का भुगतान चेक, ड्रॉफ्ट अथाव आरटीजीएस, एनईएफटी व्दारा करना होगा। व्यय लेखा परीक्षण हेतु प्रस्तुत व्यय रजिस्टर के साथ अभ्यर्थी को बैंक खाते के विवरण की एक स्व- अभिप्रमाणित प्रति व्यय लेखा प्रेक्षक के समक्ष करना होगा। चुनाव खत्म होने के बाद निर्वाचन की घोषणा के 30 दिनों में अभ्यर्थी को व्यय लेखा की सत्य प्रति रिटर्निंग ऑफिसर के पास जमा करना होता है। निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के बारे में अनुदेशों का संग्रह, 2017 भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाईट में भी उपलब्ध है।

**20 हजार तक की राशि नगद,इससे अधिक का भुगतान चेक,ड्रॉफ्ट, आरटीजीएस, एनईएफटी से**

# परिदृश्य: पश्चिम एशिया का संकट और शांति बहाली की कोशिश, अहम हो सकती है भारत की भूमिका

इस्राइल और हमास में चले रहे युद्ध को पूरे पश्चिम एशिया के संदर्भ में देखा जाना चाहिए, जहां की शांति, सुरक्षा व स्थायित्व, भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। भारत करीब 70 फीसदी तेल और गैस यहीं से आयात करता है। पश्चिम एशियाई देशों में 90 लाख से भी ज्यादा भारतीय रहते हैं, जो करोड़ो डॉलर भारत भेजते हैं। ज्यादातर वैश्विक व्यापार और समुद्री मार्ग पश्चिम एशिया से ही गुजरते हैं।

इसलिए, भारत यही चाहेगा कि इस्राइल-हमास युद्ध वैश्विक लड़ाई में तब्दील न होने पाए। दूसरी बात, युद्ध अभी तीसरे हफ्ते में पहुंचा है और तेल की कीमतें बढ़ने लगी हैं। चूंकि, भारत ज्यादातर तेल का आयात करता है, इसलिए इससे भारत के खर्चे बढ़ेंगे, जिससे महंगाई बढ़ेगी, जो सीधे तौर पर भारतीय अर्थव्यवस्था को प्रभावित करेगी। तीसरी बात, हमें यह समझना होगा कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) दरअसल ट्रांजिट बिंदु है। वहां हमारी छह-सात हजार कंपनियां हैं, जो भारत में निवेश कर रही हैं। सऊदी अरब भी भारत में निवेश बढ़ाने की कोशिश में है। क्षेत्र में अशांति से ये निवेश निश्चित ही प्रभावित होंगे। चौथी बात, ईरान के साथ हमारे संबंध भी जटिल हो सकते हैं। ईरान के साथ संबंधों में चाबहार बंदरगाह और अंतरराष्ट्रीय नॉर्थ-साउथ कॉरिडोर परियोजनाएं महत्वपूर्ण हैं, जिन पर प्रभाव पड़ सकता है। पांचवीं बात, नई दिल्ली में आयोजित हुए जी-20 शिखर सम्मेलन में जिस भारत-मध्य पूर्व-यूरोप गलियारे (आइमेक) की स्थापना पर, जिसे चीन की बेल्ट ऐंड रोड पहल (बीआरआई) का जवाब माना जा रहा है, जो स्वीकृति बनी थी, उस पर भी संकट मंडराने लगे हैं।

भारत बेशक यह कह रहा है कि इस युद्ध से आपसी व्यापार में कोई समस्या नहीं आएगी। यूएई और सऊदी अरब हमारे क्रमशः तीसरे और चौथे सबसे बड़े व्यापारिक सहयोगी हैं और इन देशों के साथ भारत के सीधे व्यापार में वाकई कोई भी मुश्किल नहीं है। लेकिन, अगर आइमेक कॉरिडोर की बात करें, तो यह मार्ग सऊदी अरब से जॉर्डन होते हुए इस्राइल जाता है। यह दरअसल रेल और बंदरगाहों को जोड़ने का प्रोजेक्ट है। बंदरगाह तो पहले से जुड़े हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी महाराष्ट्र, गुजरात व दूसरी




**इस्राइल-हमास युद्ध में कुछ देश इस्राइल के साथ, तो कुछ फलस्तीन के साथ सहानुभूति जता रहे हैं। जरूरी यह है कि इन सहानुभूतियों को शांति बहाली के प्रयासों की ओर मोड़ा जाए, जिसमें अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ भारत की भी भूमिका है।**

जगहों पर कुछ नए बंदरगाह निर्मित किए जाने की भी बात कर चुके हैं, इसलिए इसमें भी कोई दिक्कत नहीं है। लेकिन फिलहाल समस्या यह है कि इस्राइल को लेकर अरब देशों में आक्रोश भरा है। एक बार मान लें कि वहां के राजनेता यदि संबंधों को बहाल करने के लिए राजी भी हो जाते हैं, तो वहां की जनता का क्या, जो इस्राइल के बिल्कुल विरोध में है। यह देखते हुए कि सऊदी अरब के महज दो फीसदी लोग इस्राइल के साथ संबंधों को बहाल करने के पक्ष में हैं, निश्चित ही कि दोनों देशों के बीच रिश्ते सामान्य होने में समय लगेगा। जाहिर है कि इससे कॉरिडोर के बनने में विलंब ही होगा, जिसका नुकसान भारत को भी उठाना होगा। इसके अलावा जिन क्षेत्रीय परियोजनाओं पर बात चल रही थी, वे भी संकट में पड़ सकती हैं। छठी बात, इस्राइल-हमास युद्ध पूरी दुनिया की तरह भारत के मुस्लिम समुदाय को भी प्रभावित कर सकता है। खासकर गाजा में जो स्थितियां हैं, जिस तरह वहां के नागरिकों को निशाना बनाया जा रहा है, उन्हें देखकर भारत के मुस्लिम समुदाय में भी आक्रोश भड़क सकता है। हालांकि, भारत के लिए अच्छी बात यह है कि यहां के ज्यादातर मुसलमान आतंकवाद में भरोसा नहीं करते हैं और यही उनकी भारतीयता है। इस्राइल पर हमास के हमले के बाद पूरी दुनिया दरअसल, बंटी हुई दिखती है। कुछ आतंकी हमले में मारे गए हजारों इस्राइलियों के साथ सहानुभूति रखते हैं, तो कुछ वर्षों से जुल्म सह रहे फलस्तीनियों के साथ खड़े दिखते हैं। भारत में भी यही हालत है। लेकिन जरूरी यह है कि इस सहानुभूति को शांति और युद्ध विराम के प्रयासों की तरफ मोड़ा जाए।

इसके लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय का होना जरूरी है। भारत जैसे देशों को आगे आना चाहिए। मेरा मानना है कि इस्राइल-हमास युद्ध में शांति बहाली के प्रयासों की अगुआई भारत को करनी चाहिए। हम इसके लिए एक प्रतिनिधि मंडल बना सकते हैं। पड़ोस के जो देश साथ देना चाहें, उनके साथ मिलकर युद्ध को रोकने की किसी योजना पर काम कर सकते हैं। हम नई दिल्ली के जी-20 सम्मेलन में भी देख चुके हैं कि आज पूरी दुनिया भारत का सम्मान करती है। पश्चिम एशियाई देश भी चाहते हैं कि भारत आगे आए। आज उसकी साख है। भारत जब कहता है, तो दुनिया सुनती है, क्योंकि वह सिद्धांतों की बात करता है। भारत की स्वतंत्रता से पहले महात्मा गांधी ने कहा था कि जैसे इंग्लैंड अंग्रेजों के लिए और फ्रांस फ्रेंच लोगों के लिए है, उसी तरह फलस्तीन फलस्तीनियों के लिए है। 1948 में जब पहली बार वोट हुआ, तब भारत ने फलस्तीन को बांटने के प्रस्ताव के विरोध में मत दिया था। 1950 में भारत ने आधिकारिक तौर पर इस्राइल राज्य को मान्यता दी, लेकिन आधिकारिक राजनयिक संबंध 1992 में जाकर स्थापित किए। दोनों देशों को लेकर फिलहाल भारत का पक्ष दो-राज्य समाधान और शांतिपूर्ण ढंग से दोनों देशों के लिए आत्मनिर्णय के अधिकार के साथ डी-हाईफनेशन की नीति की ओर बढ़ गया है।

अनिल त्रिगुणायत

## संपादकीय

### यही पाकिस्तानी लोकतंत्र है

मुमकिन है कि अगले आम चुनाव के बाद नवाज शरीफ को फिर से प्रधानमंत्री बना दिया जाए। आरोप है कि शरीफ की सेना के साथ डील हो गई है। इसके तहत सत्ता में उनकी वापसी की योजना को अंतिम रूप दिया जा चुका है। नवाज शरीफ को जब भ्रष्टाचार के मामलों में सजा सुना कर देश निकाला दिया गया था, तब पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री ने अपने राजनीतिक करियर अंत के लिए पाकिस्तानी सेना के उच्च अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया था। उनका बयान इस बात की पुष्टि था कि पाकिस्तान में सेना नेतृत्व ही प्रत्यक्ष या परोक्ष तौर पर देश की कमान संभालते रहता है। तब सेना ने एक बार पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के नेता इमरान खान को मौका देने का मन बनाया था।

लेकिन अपने स्वभाव के मुताबिक इमरान सचमुच देश का नेतृत्व करने की महत्त्वाकांक्षा पाल बैठे। उन्होंने कुछ ऐसे फैसले लिए, जिनसे अमेरिका से निकट संबंध में स्वार्थ रखने वाले सैन्य अधिकारियों के हितों को चोट पहुंची। तो सैन्य अधिकारियों ने उन्हें हटाने का फैसला किया। खबरों के मुताबिक इमरान खान को भी देश से बाहर चले जाने का विकल्प दिया गया था, लेकिन उन्होंने उसे ठुकरा दिया। नतीजा यह है कि वे जेल में दिन काट रहे हैं। इस बीच सैनाध्यक्ष बदले, जिससे परिस्थितियां नवाज शरीफ के और अनुकूल हुईं। तो उन्हें सजा से राहत दिलवाने और देश लाने की कवायद पूरी हो गई है। मुमकिन है कि अगले आम चुनाव के बाद उन्हें फिर से प्रधानमंत्री बना दिया जाए।

## आखिरकार अपने ज्यादातर समर्थकों को भाजपा का टिकट दिलाने में सफल रहीं वसुंधरा राजे

राजस्थान में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अभी तक दो सूचियों में 124 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की है। भाजपा की पहली सूची में 41 व दूसरी सूची में 83 नाम घोषित किए गए हैं। पहली सूची में जहां भाजपा ने कर्नाटक फार्मूला अपनाते हुए कई दिग्गजों के टिकट काट दिए थे। वैसा कुछ दूसरी सूची में देखने को नहीं मिला। पहली सूची में भाजपा ने छह लोकसभा सदस्य, एक राज्यसभा सदस्य व दो पूर्व सांसदों को भी मैदान में उतारा था। मगर दूसरी सूची में किसी भी सांसद को प्रत्याशी नहीं बनाया गया।

राजनीतिक क्षेत्रों में चर्चा है कि भाजपा की पहली सूची जारी होने के साथ ही शुरू हुआ विवाद अभी तक थमने का नाम नहीं ले रहा है। दूसरी सूची में शामिल बहुत से प्रत्याशियों का भी विरोध हो रहा है। पहली सूची में तो जालौर से सांसद देवजी पटेल को सांचैर से प्रत्याशी बनाने का इतना अधिक विरोध हुआ की स्थिति मारपीट तक पहुंच गई। देवजी पटेल की गाड़ी को रास्ते में रोक कर उनके साथ मारपीट तक करने का प्रयास किया गया था। वहां पर पिछली बार दानाराम चौधरी चुनाव में हार गये थे। इस बार जीवाराम चौधरी दावेदारी जता रहे थे। देवजी पटेल को प्रत्याशी बनाने से दोनों नेता मिलकर विरोध कर रहे हैं।

जयपुर के विद्याधर नगर सीट से मौजूदा विधायक नरपत सिंह राजवी का टिकट काट कर राजसमंद से सांसद दिया कुमारी को दिया गया था। उसके बाद से राजवी के समर्थक दीया कुमारी का विरोध कर रहे थे। मगर दूसरी सूची में राजवी को चित्तौड़गढ़ से प्रत्याशी बनाकर उनका विरोध शांत कर दिया गया है। मगर चित्तौड़गढ़ से दो बार के मौजूदा विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या अपनी टिकट कटने से इतने अधिक नाराज हैं कि आने वाले समय में




वह निर्दलीय भी ताल ठोक सकते हैं। आक्या का कहना है कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी से मेरी पुराने समय से राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता है। जिस कारण जोशी ने मेरी टिकट काटी है। राजसमंद से विधायक दीप्ती माहेश्वरी का भी जमकर विरोध हो रहा है। दीप्ती माहेश्वरी अपनी माता किरण माहेश्वरी के निधन के बाद हुए उपचुनाव में जीत कर विधायक बनी थीं। अब पार्टी ने उन्हें दूसरी बार प्रत्याशी बनाया है तो स्थानीय लोग उनके खिलाफ मुखर होकर विरोध कर रहे हैं। वहां के अन्य दावेदारों का कहना है कि बाहरी प्रत्याशी को कब तक सहेंगे। असम का राज्यपाल बनाए जाने से खाली हुई उदयपुर शहर विधानसभा सीट पर पार्टी ने पूर्व जिला अध्यक्ष ताराचन्द जैन को प्रत्याशी बनाया है। वहां से टिकट के दावेदारी कर रहे उदयपुर नगर निगम के उप महापौर पारस सिंघवी ने मोर्चा खोल दिया है। सिंघवी ने आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी की तरफ से उदयपुर में ऐसे व्यक्ति को टिकट दिया गया है जो सनातन विरोधी हैं और पूजा पद्धति में विश्वास नहीं रखता है। सिंघवी का कहना है कि असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने मेरी टिकट कटवा कर जैन को प्रत्याशी बनवाया है। जयपुर की झोटवाड़ा सीट पर पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत का टिकट काटकर पूर्व केंद्रीय मंत्री व जयपुर ग्रामीण सीट से दूसरी बार के सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को मैदान में उतारा गया है। इस सीट पर भी राज्यवर्धन राठौड़ को राजपाल समर्थकों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा द्वारा घोषित 124 प्रत्याशियों में से तीन दर्जन प्रत्याशियों को अपने प्रतिद्वंद्वियों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है। कई सीटों पर तो स्थिति इतनी खराब हो रही है कि पार्टी पदाधिकारियों की भी कोई नहीं सुन रहा है।

## मिला जुला

### एक नजर

*अयोध्या राम मंदिर पर कमलनाथ का बड़ा बयान*

#### कहा- 'मंदिर को अपना बताने में जुटी बीजेपी, मंदिर सनातन धर्म का प्रतीक'



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक पार्टियां तैयारियों में जुटी हुई है। विभिन्न पार्टियों के प्रत्याशी अपना नामांकन दाखिल कर रहे हैं। इसी कड़ी में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और पूर्व सीएम कमलनाथ गुरुवार को छिंदवाड़ा विधानसभा से नामांकन दाखिल करने पहुंचे। जहां उन्होंने नामांकन दाखिल करने से पहले पत्रकारों से बात की। इस दौरान उन्होंने आयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर को लेकर बीजेपी पर निशाना साधा है। पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहा कि राम मंदिर भाजपा का मंदिर नहीं है, यह हमारे देश का मंदिर है. इसके साथ ही कमलनाथ ने भाजपा पर सवाल उठाते हुए कहा कि ये तो ऐसे राम मंदिर की बात कर रहे हैं कि जैसे ये बीजेपी का मंदिर हो। राम मंदिर हमारे देश का मंदिर है और ये हमारे सनातन धर्म का बहुत बड़ा चिन्ह है. ये किसी पार्टी का नहीं है।

*ग्रेप2 और प्रदूषण के चलते डीएमआरसी का बड़ा ऐलान*

#### आज से 40 फेरे अतिरिक्त लगाएगी दिल्ली मेट्रो

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय राजधानी की हवा ने सरकार की टेंशन बढ़ा दी है। हालांकि एयर क्वालिटी में सुधार लाने और प्रदूषण को कम करने के लिए केजरीवाल सरकार ने ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान के दो चरणों को लागू कर रखा है। ग्रेप के दूसरे चरण के लागू होने से लोगों को आवाजाही में परेशानी न हो इसके लिए दिल्ली मेट्रो ने बड़ा कदम उठाया है।

## राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष डोटासरा के घर ईडी की रेड

*सीएम के बेटे वैभव को भी समन, गहलोत बोले- ईडी इनकम टैक्स ने आतंक मचा रखा है*

जयपुर/सीकर/दौसा। राजस्थान में हुए पेपर लीक के मामले को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ED) की टीम ने आज सुबह प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के घर छापेमारी की है।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को भी ED ने फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट (FEMA) केस में समन भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया है। ED फिलहाल डोटासरा और उनके रिश्तेदारों से पूछताछ कर रही है। ED की टीम डोटासरा के जयपुर के सिविल लाइंस में सरकारी आवास सहित सीकर स्थित निजी निवास पर भी पहुंची। सूत्रों के मुताबिक जयपुर में डोटासरा के सिविल लाइंस आवास पर कार्रवाई पूरी हो गई। अब जयपुर में 2 और सीकर में 2 जगह पर श्रष्ठ की रेड चल रही है। छापों के बाद डोटासरा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा- सत्यमेव जयते।



**सवाल मेरे बेटे का नहीं, एजेंसियों की साख का है : गहलोत**

*अशोक गहलोत ने छापों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि आज जो स्थिति है वह चिंताजनक है। सवाल मेरे बेटे और पीसीसी चीफ के छापों का नहीं है, सवाल इन एजेंसियों की साख का है। इन एजेंसियों ने पूरे देश में आतंक मचा रखा है।*

#### डोटासरा के रिश्तेदारों के घर भी पहुंची ईडी

*ED की टीम डोटासरा सहित उनके रिश्तेदारों के घर भी पहुंची है। पेपर लीक को लेकर आज ED ने पहली बार डोटासरा के घर पर छापेमारी की है। दिल्ली और जयपुर की ED की टीम के साथ में केंद्रीय सुरक्षा बल के अधिकारी भी मौजूद हैं। डोटासरा सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी भी हैं।*

*सूत्रों के मुताबिक गोविंद सिंह डोटासरा उनके सीकर स्थित निवास पर मौजूद हैं। करीब साढ़े नौ बजे ED के अधिकारी उनके घर पर पहुंचे थे। पहले पोर्च में बैठकर ही उनसे पूछताछ की गई, इसके बाद घर में बने ऑफिस में पूछताछ के लिए ले जाया गया।*

पीएम मोदी 5 साल बाद शिर्डी पहुंचे

## साईं मंदिर में पूजा की, 7500 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे

**शिर्डी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज यानी 26 अक्टूबर को महाराष्ट्र और गोवा के दौरे पर रहेंगे। महाराष्ट्र में PM 5 साल बाद शिर्डी के साईं बाबा मंदिर में दर्शन करने पहुंचे। जहां उन्होंने साईं बाबा की पूजा की। इस दौरान उनके साथ महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस, छ्रूएकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़नवीस भी मौजूद हैं। महाराष्ट्र दौरे पर PM मोदी 7500 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वहीं, गोवा में शाम 6.30 बजे 37वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन करेंगे।



#### PM मोदी का महाराष्ट्र दौरा...

PMO के मुताबिक, PM मोदी पहले महाराष्ट्र दौरे पर आए PM मोदी साईं मंदिर में नए दर्शन कतार परिसर का भी उद्घाटन कर रहे हैं। PM ने इसकी आधारशिला साल 2018 में रखी थी। इसके बाद वे निलवंडे बांध का जल पूजन करेंगे और बांध का एक नहर नेटवर्क (85 किमी) देश को समर्पित करेंगे। इसका फायदा 7 तहसीलों (अहमदनगर जिले में 6 और नासिक जिले से 1) के 182 गांवों को मिलेगा।

इसके बाद PM शिरडी में 7500 करोड़ रुपए की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। साथ ही 'नमो शेतकारी महासम्मान निधि योजना' की शुरुआत करेंगे। इस योजना के जरिए राज्य में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ ले रहे 86 लाख से अधिक किसानों को हर साल 6000 रुपए की अतिरिक्त मदद दी जाएगी। यहां PM लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड भी बांटेंगे।

#### गोवा में PM नेशनल गेम्स का उद्घाटन करेंगे

*महाराष्ट्र के बाद PM गोवा के लिए रवाना होंगे। यहां वे मडगांव स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 37वें नेशनल गेम्स का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री नेशनल गेम्स में हिस्सा ले रहे एथलीट्स को भी संबोधित करेंगे। यह पहला मौका है जब नेशनल गेम्स गोवा में हो रहे हैं। यह इवेंट 26 अक्टूबर से 9 नवंबर तक चलेगा, जिसमें देश के 10 हजार से ज्यादा एथलीट्स 28 जगहों पर 43 से ज्यादा गेम्स में पार्टिस्पेट करेंगे।*

## दो राज्यों में 3 सड़क हादसे, 22 लोगों की मौत

**महाराष्ट्र में बस 150 फीट गहरी खाई में गिरी; कर्नाटक में बेंगलुरु-हैदराबाद हाईवे पर एक्सीडेंट**

**मुंबई/बेंगलुरु।** महाराष्ट्र और कर्नाटक में बुधवार रात से गुरुवार सुबह के बीच तीन अलग-अलग सड़क हादसों में 22 लोगों की मौत हो गई। इनमें दो घटनाएं महाराष्ट्र के बीड जिले की है। एक्सीडेंट में दर्जनों लोग घायल हुए हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पहली घटना कर्नाटक के चिक्काबल्लापुर की है। यहां बेंगलुरु-हैदराबाद हाईवे पर एक कार और ट्रक की टक्कर में 12 लोगों की मौत हो गई। पांच की हालत गंभीर है। सभी लोग बागेपल्ली से चिक्कबल्लापुर की ओर जा रहे थे।



दूसरी तरफ महाराष्ट्र के बीड जिले में गुरुवार सुबह 4 बजे मुंबई से आ रही एक बस सड़क से 150 फीट नीचे खाई में गिर गई। इसमें छह लोगों की मौत हो गई। बस में करीब 40-50 यात्री सवार थे।

बीड जिले में दूसरी घटना अहमदनगर रोड पर हुई। यहां एक एम्बुलेंस ने ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। इसमें एम्बुलेंस पर सवार 4 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा बुधवार की रात 9:30 बजे हुआ।

## कांग्रेस पहुंची चुनाव आयोग, गृह मंत्री अमित शाह और CM हिमंत बिस्वा के खिलाफ विवादित भाषण समेत 8 मामलों में की शिकायत

नई दिल्ली। कांग्रेस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के विवादित भाषणों को लेकर बुधवार को चुनाव आयोग से शिकायत की और ज्ञापन सौंपा.



कांग्रेस ने कहा कि भाजपा नेताओं ने छत्तीसगढ़ में चुनावी सभा के दौरान समाज के कुछ वर्गों को एक दूसरे के खिलाफ भड़काने की नीयत से बयान दिए, जो कि चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है. कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील और पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद, तेलंगाना कांग्रेस प्रभारी माणिकराव ठाकरे, तेलंगाना कांग्रेस अध्यक्ष रेवंत रेड्डी, मुख्य चुनाव समिति के सदस्य उत्तम कुमार रेड्डी और तेलंगाना में कांग्रेस विधायक दल के नेता मल्लू भट्टी विक्रमार्क आदि नेताओं के कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से कुल आठ मुद्दों को लेकर शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की.

विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व का ऐतिहासिक मुरिया दरबार संपन्न

# आस्था का सबसे महत्वपूर्ण पर्व है विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा-कलेक्टर

## मुरिया दरबार में कलेक्टर सहित माटी पुजारी और मांझी-चालकी, मेम्बर-मेम्बरीन एवं गणमान्य नागरिक हुए शामिल







**जगदलपुर।** विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व आस्था और परम्परा का सबसे महत्वपूर्ण पर्व है,जो सर्वाधिक लम्बी अवधि तक मनाया जाता है। इस बस्तर दशहरा पर्व को बस्तर अंचल के सभी लोग पूरी श्रद्धा-आस्था के साथ मनाते हैं और इसमें सक्रिय सहभागिता निभाते हैं। विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा आस्था का सबसे महत्वपूर्ण पर्व है सभी लोगों के सहयोग से इस वर्ष भी बस्तर दशहरा पर्व को सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यह बात कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने ऐतिहासिक सिरहासार भवन में आयोजित विश्वप्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व के मुरिया दरबार को सम्बोधित करते हुए कहा। उन्होंने बस्तर दशहरा पर्व के ऐतिहासिक मुरिया दरबार में सम्मिलित होने पर खुशी व्यक्त करते हुए इसे एक अनोखी गतिविधि निरूपित किया। वहीं बस्तर दशहरा पर्व में सहयोग प्रदान करने के लिए सभी लोगों के प्रति आभार जताया।

बस्तर दशहरा पर्व के ऐतिहासिक मुरिया दरबार में कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी और माटी पुजारी श्री कमलचन्द्र भंजदेव,बस्तर दशहरा समिति के उपाध्यक्ष श्री मंगडू मांझी और बस्तर संभाग के विभिन्न क्षेत्रों से आये मांझी चालकी, मेम्बर-मेम्बरीन तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, ग्रामीण जन सम्मिलित हुए। इस अवसर पर माटी पुजारी श्री कमलचन्द्र भंजदेव ने बस्तर दशहरा पर्व के ऐतिहासिक महत्व की जानकारी देते हुए इसे सामाजिक समरसता का अनुपम उदाहरण रेखांकित किया। उन्होंने बस्तर दशहरा पर्व में शामिल होने के लिए आने वाले मांझी-चालकी, पुजारी, गायता सहित ग्रामीणों के ठहरने के लिए बेहतर सुविधाओं की सुलभता हेतु सुझाव दिया। इस दौरान बस्तर दशहरा समिति के उपाध्यक्ष श्री मंगडू मांझी ने कहा कि विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व सभी के सहयोग तथा व्यापक सहभागिता से सफलतापूर्वक संपन्न हुई। आने वाले साल में इसे और भव्य और बेहतर तरीके से मनाएंगे। मुरिया दरबार में बलराम मांझी, अर्जुन मांझी सहित अन्य मांझी-चालकी एवं मेम्बर-मेम्बरीन ने अपनी बात रखी। आरंभ में उपस्थित सभी लोगों ने माई दंतेश्वरी पूजा-अर्चना की। वहीं तहसीलदार एवं सचिव बस्तर दशहरा समिति श्री यूके मानकर ने बस्तर दशहरा पर्व के सफल आयोजन सम्बन्धी प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे, नगर निगम आयुक्त श्री हरेश मंडावी तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारी और विभिन्न क्षेत्रों से आये मांझी-चालकी, मेम्बर-मेम्बरीन तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, ग्रामीणजन उपस्थित रहे। अंत में अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल ने बस्तर दशहरा पर्व के सफल एवं व्यवस्थित आयोजन हेतु आभार व्यक्त किया।

# निर्वाचन व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन ने अंतरराज्यीय सीमा पर स्थित कोलावल सहित अन्य चेक पोस्ट का लिया जायजा

## स्थैतिक निगरानी दलों को सजगता के साथ दायित्व निर्वहन करने दिए निर्देश





**जगदलपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत बस्तर जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बस्तर, जगदलपुर एवं चित्रकोट के लिए नियुक्त निर्वाचन व्यय प्रेक्षक श्री प्रवीण रंजन ने छत्तीसगढ़ और ओड़िसा राज्य की सीमा पर स्थित कोलावल चेक पोस्ट सहित जिले के बस्तर एवं करपावंड चेक पोस्ट का जायजा लिया और स्थैतिक निगरानी दलों के कार्यों की जानकारी ली। साथ ही वाहनों की जांच इत्यादि के लिए संधारित पंजी का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान स्थैतिक निगरानी दलों को सतर्कतापूर्वक दायित्व निर्वहन किये जाने निर्देशित करते हुए सभी वाहनों की जांच करने सहित संदिग्ध नकदी तथा अन्य सामग्रियों के परिवहन पर सतत निगरानी रखे जाने कहा। इस मौके पर निर्वाचन दायित्व से सम्बन्धित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

विधानसभा निर्वाचन 2023

# प्रक्षको की उपस्थिति में मतदान दलों, ईव्हीएम और वीवीपैट का किया गया द्वितीय रेडमाइजेशन




**जगदलपुर।** विधानसभा निर्वाचन के तहत बस्तर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के प्रेक्षकों श्री सुब्रत गुप्ता, श्री आरएच ठाकरे और श्री सुदेश कुमार मोखटा की उपस्थिति में मतदान दलों, ईव्हीएम और वीवीपैट का द्वितीय रेडमाइजेशन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. के मार्गदर्शन में जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में विधानसभा क्षेत्र बस्तर 212, जगदलपुर 247 और चित्रकोट 240 मतदान केंद्रों के लिए तथा रिजर्व हेतु ईव्हीएम और वीवीपैट मशीनों का राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष द्वितीय रेडमाइजेशन किया गया। मशीनों का रेडमाइजेशन के उपरांत जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा ईव्हीएम और वीवीपैट मशीन को धरमपुरा में स्थित मॉडल कालेज में स्थापित स्ट्रांग रूम में स्थान्तरित किया जाएगा। इसके उपरांत जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में तीनों विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों और माइक्रो ऑब्जर्वर का द्वितीय रेडमाइजेशन भी किया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हितेश बघेल, तीनों विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी श्री नंद कुमार चौबे, ओम प्रकाश वर्मा, भरत कौशिक और निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



# मेडिकल कॉलेज कोरबा में हुई न्यूरो सर्जन की नियुक्ति

**कोरबा** । मस्तिष्क मानव शरीर का सबसे उन्नत और महत्वपूर्ण अंग है। यह तंत्रिकाओं के माध्यम से शरीर के बाकी हिस्से के साथ संचार का प्राथमिक साधन के रूप में कार्य करता है। इस हेतु मस्तिष्क को प्रभावित करने वाले किसी भी क्षति या समस्या से शरीर के समग्र काम-काज पर अत्यंत प्रभाव पड़ता है। मस्तिष्क को प्रभावित करने वाले किसी भी समस्या को न्यूरो उपचार के माध्यम से ठीक किया जाता है। न्यूरो उपचार सीधे तौर पर मस्तिष्क से संबंधित,जिसके संकेतों को समझकर शरीर के अन्य अंग कार्य करते हैं। दुर्घटनाओं में घायल लोगों के उपचार में न्यूरो सर्जरी व उपचार की अहम भूमिका होती है। कलेक्टर सौरभ कुमार द्वारा जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार हेतु सतत् प्रयास किया जा रहा है। जिसके तहत् जिला प्रशासन के सहयोग एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केसरी के प्रयासों से जिले के मेडिकल कॉलेज में न्यूरो सर्जन डॉ. नीरज प्रसाद, एम. बी. बी. एस., एम.एस., एम.सी.एच.(न्यूरो सर्जरी) की नियुक्ति की गई है।

# पुलिस अधीक्षक कोंडागाँव द्वारा पुलिस सेक्टर अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**कोण्डागांव।** दिनांक 26.10.2023 को पुलिस अधीक्षक श्री वाय अक्षय कुमार के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस सेक्टर अधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में पुलिस अधीक्षक कोंडागाँव ने स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन में सेक्टर अधिकारियों की अहम भूमिका बताई। उन्होंने बताया कि मतदान के दौरान सेक्टर अधिकारी और मतदान दल के साथ समन्वय के साथ कार्य करना है। मतदान दिवस में कोई शिकायत या समस्या होने पर तत्काल निदान करना है। कंट्रोल रूम और वरिष्ठ अधिकारियों से मोबाइल फोन और शेडो एरिया में VHF सेट के माध्यम से लगातार संपर्क में रहना है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोंडागाँव श्री दौलत राम पोर्ते सहित जिले के सभी 77 पुलिस सेक्टर अधिकारीगण उपस्थित थे।



विधानसभा निर्वाचन-2023

# माइक्रो आब्जरवर्स को दिया गया प्रशिक्षण

## मतदान प्रक्रिया की पूरी जानकारी लेने के दिए गए निर्देश




**मतदान दिवस पर माइ्रो आब्जरवर्स द्वारा पोलिंग बूथ की हर गतिविधियों पर रखी जाएगी नजर**

**दंतेवाड़ा** । आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में माइक्रो आब्जरवर्स की प्रषिक्षण कार्यषाला का आयोजन किया गया था। इस दौरान मास्टर ट्रेनर्स श्री आलोक सोनवानी ने माइक्रो आब्जरवर्स को मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने के लिये ईव्हीएम हैंड्स आन सहित मतदान प्रक्रिया की हरेक पहलुओं के बारे विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होंने मतदान दलों को मतदान प्रक्रिया के पूर्व की तैयारी, माकपोल, मतदान प्रक्रिया और मतदान समाप्ति के पश्चात के सभी कार्यों के बारे में विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण को जरूरी बताते हुए माइक्रो आब्जरवर्स को मतदान दिवस पर पोलिंग बूथ की हर गतिविधियों की निगरानी रखने सहित रिपोर्ट तैयार किये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि माइक्रो आब्जरवर्स सीधे तौर पर आब्जर्वर को रिपोर्ट करते हैं। अतः इसके लिए किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन के लिये मोबाइल पर सम्पर्क अथवा सन्देश भेजा जा सकता है। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री हिमाचल साहू, रिटर्निंग ऑफिसर श्री शिवनाथ बघेल सहित 100 माइक्रो आब्जरवर्स एवं निर्वाचन दायित्व से जुड़े अन्य अधिकारी मौजूद थे।



# सेक्टर अधिकारियों को दिया गया ईवीएम कमिशनिंग का प्रशिक्षण





**कोण्डागांव।** विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के लिए सेक्टर अधिकारियों को ईवीएम कमिशनिंग का प्रशिक्षण दिया गया। बुधवार 25 अक्टूबर को जिला कार्यालय के प्रथम तल पर स्थित सभा कक्ष में आयोजित प्रशिक्षण में सेक्टर अधिकारियों को बताया गया कि निर्वाचन अभ्यर्थी या उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में इलेक्ट्रोनिक कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के अधिकृत इंजीनियरों द्वारा ईवीएम की कमिशनिंग की जाएगी। इसके पश्चात् पांच प्रतिशत ईवीएम पर 1000 वोटों की मॉक पोल सेक्टर अधिकारी और मास्टर ट्रेनरों द्वारा की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक सोनी ने इस अवसर पर निर्वाचन प्रक्रिया में सेक्टर अधिकारियों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि वे सभी अपनी जिम्मेदारी को गंभीरतापूर्वक पूरा करें। उन्होंने संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया को निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण ढंग से पूरा कराने में सेक्टर अधिकारियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि किसी भी प्रक्रिया में लापरवाही न बरतें। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्री मनोज केसरिया, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा ठाकुर उपस्थित थीं।

## एक नजर

### राज्य युवा आयोग के पूर्व सदस्य अजय सिंह पर एक वर्ष के लिए जिला बदर की कार्रवाई

#### कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी राजेन्द्र कटारा ने जारी किया आदेश

**बीजापुर।** अजय के विरुद्ध कई आपराधिक प्रकरण के मद्देनजर न्यायलय कलेक्टर में सुनवाई के बाद कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने जारी किया आदेश, पीसीसी मेम्बर रहे अजय को वर्तमान विधायक विक्रम मण्डावी के खिलाफ र्भ्ष्टाचार को लेकर लगातार बयान बाजी के मद्देनजर पहले पार्टी से निष्कासित किया जा चुका है, इसके अलावा राज्य युवा आयोग सदस्य के पद से भी हटाया जा चुका है, अब चुनाव आचार संहिता के बीच जिला बदर की कार्रवाई, अजय ने अपने विरुद्ध कार्रवाई को गलत ठहराते उच्च न्यायालय में फैसले को चुनौती देने की बात कही है, साथ है फैसले को दुर्भावनापूर्ण ठहराते कलेक्टर पर विधायक के इशारे पर काम करने का आरोप भी लगाया है।

### डाक विभाग की ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता 31 अक्टूबर तक

**कोंडागांव।** भारतीय डाक विभाग नए भारत के लिए डिजिटल इंडिया विषय पर राष्ट्रीय स्तर पर ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। इच्छुक प्रतिभागी अभियान में भाग ले सकते हैं। यह प्रतियोगिता प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है ढाई आखर पत्र लेखन अभियान में 31 अक्टूबर तक भेजे गए पत्र ही स्वीकार होंगे बाद पोस्ट किए गए पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पत्र लेखन का विषय होगा न्यू इंडिया के लिए डिजिटल इंडिया होगा। नए भारत के लिए डिजिटल इंडिया एक नारा है जो भारत की प्रगति और परिवर्तन को आगे बढ़ाने के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने के दृष्टिकोण को समाहित करता है। पत्र अंग्रेजी या हिंदी या किसी भी स्थानीय भाषा में लिखा जा सकता है। इस प्रतियोगिता के राष्ट्रीय एवं सर्कल स्तर के प्रथम तीन, द्वितीय तीन व तृतीय के तीन विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा जिसमे राष्ट्रीय स्तर में प्रथम 50 हजार, द्वितीय 25 हजार एवं तृतीय 10 हजार इसी प्रकार सर्कल स्तर में प्रथम 25 हजार द्वितीय 10 हजार व तृतीय 5 हजार का इनाम घोषित किया गया है। अधिक जानकारी के लिए कोंडागांव डाकघर के निरीक्षक डाकघर में सम्पर्क कर सकते है।

भारतीय डाक
India Post

### मतदान कार्मिकों के दूसरे चक्र का रेण्डमाईजेशन कार्य पूर्ण



**कोंडागांव।** विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के लिए मतदान कार्मिकों के दूसरे चरण का रेण्डमाईजेशन का कार्य गुरुवार को पूर्ण कर लिया गया। जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र के प्रेक्षक श्री एसडी मांढरे, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक सोनी की उपस्थिति में मतदान कार्मिकों के दूसरे चरण के रेण्डमाईजेशन की कार्यवाही जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में की गई। इसके तहत प्रत्येक दल के लिए पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक-1, 2 और 3 का चिन्हांकन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा ठाकुर, केशकाल विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी श्री शंकरलाल सिन्हा, कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी श्री चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित निर्वाचन अभ्यर्थी तथा उनके अभिकर्ता उपस्थित थे।

### 21 लीटर महुआ शराब किया गया जप्त

**कोरबा** । पुलिस अधीक्षक कोरबा जितेंद्र शुक्ला द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही करने निर्देशित दिए गए हैं जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षके श्री अभिषेक वर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री भूषण एक्का के मार्गदर्शन में मंगलवार को थाना उरगा पुलिस टीम को 21 लीटर महुआ शराब पकड़ने में सफ्लता प्राप्त हुई है।

मुखबिर के सूचना के आधार पर ग्राम बागबुडा में आरोपी लक्ष्मण बघेल पिता बंशीलाल बघेल उम्र 46 वर्ष निवासी बागबूडा के कब्जे से अलग अलग डिब्बों में भरे कुल 21 लीटर महुआ शराब एवम शराब बनाने का बर्तन बरामद कर जप्त किया गया है तथा आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) 59 (क) आबकारी अधिनयम के तहत प्रकरण तैयार कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

### मुख्यमंत्री 30 को बिलासपुर में, कांग्रेस उम्मीदवारों के नामांकन रैली में होंगे शामिल

#### बिलासपुर में सीएम करेंगे आमसभा को संबोधित

**बिलासपुर-रायपुर** । न्यायधानी बिलासपुर जिल के कांग्रेस उम्मीदवारों ने शुभ मुर्हूत देख अपने नामांकन का एक सेट जमा कर दिया है। इसके बाद से ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोरदार उत्साह देखा जा रहा है। वहीं 30 अक्टूबर को कांग्रेस के उम्मीदवार सामूहिक रैली में शामिल होकर सीएम भूपेश की मौजूदगी में अपना नामांकन दर्ज करने कलेक्टोरेट जाएंगे।

कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस उम्मीदवारों की नामांकन रैली स्थानीय कांग्रेस भवन से प्रारंभ होगी और नेहरू चौक तक जाएगी। यहां से उम्मीदवार कार्यकर्ताटों के साथ कलेक्टोरेट पहुंचेंगे और अपना-अपना नामांकन दर्ज कराएंगे। इधर नामांकन रैली और आमसभा में उम्मीदवारों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के उत्साह वर्धन के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। वहीं आमसभा को संबोधित भी करेंगे।

### नक्सलियों के बीजापुर बंद का व्यापक असर

**बीजापुर-रायपुर** । छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के ठीक पहले बीजापुर में नक्सलियों की दहशत खुलेआम देखने को मिल रही है। हार्डकोर नक्सली नागेश पदम के एनकाउंटर के विरोध में नक्सली संगठन ने आज बीजापुर बंद का आव्हान किया है। नक्सलियों के बंद के आव्हान का नगर में जोरदार असर देखने को मिल रहा है। शहर की सभी दुकानें बंद हैं, बसों के पहिए भी थम गए हैं। नक्सलियों के बंद के चलते रायपुर, जगदलपुर, तेलंगाना, महाराष्ट्र और तेलंगाना जाने वाली यात्री बसों के पहिये बीजापुर में थमी है। सभी यात्री बसें दहशत के कारण बस स्टैंड में खड़ी है। अंदरूनी इलाकों में भी यात्री गाडियां नहीं चल रही है।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, शुक्रवार 27 अक्टूबर 2023

# भाजपा प्रत्याशी किरण देव का ग्रामीण क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क, लोगों से मिलकर जान रहे समस्याएं

*देव ने कहा – वक्त है बदलाव का, प्रदेश में डबल इंजन की मजबूत सरकार बनाकर छत्तीसगढ़ के विकास में करें सहयोग*







**जगदलपुर ।** भारतीय जनता पार्टी से जगदलपुर विधानसभा प्रत्याशी किरण सिंह देव लगातार जनसंपर्क बनाए हुए हैं। इस कड़ी में आज दरभा ब्लॉक के अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशी किरण देव प्रचार के लिए पहुंचे। जहां दरभा के संवेदनशील क्षेत्र कोलेंग से प्रचार यात्रा शुरू कर, ककालगुर, दरभा, तीरथगढ़, कुटुमसर से होते हुए कामानार मंडल कार्यालय में भोजन किया और फिर शहर के अनुकूल देव वार्ड में डोर-टू-डोर प्रचार के लिए पहुंचे।

प्रचार के दौरान जगदलपुर भाजपा प्रत्याशी किरण देव महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों से भी संपर्क साधते हुए नजर आए। केन्द्र सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर किरण देव जनमानस से चर्चा करते हुए मजबूत सरकार बनाने जनता से समर्थन मांगा। इस दौरान किरण देव ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार और अपराध बढ़ा है, विकास मात्र भ्रष्टाचारी और अपराधियों तक सीमित है। हम सबको मिलकर प्रदेश में डबल इंजन की मजबूत सरकार बनाकर छत्तीसगढ़ के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करनी है, प्रदेश में सत्ता के बदलाव करने का समय आ गया है।

## एक नजर

### गायत्री शक्तिपीठ ने नुक्कड़ सभा से नशामुक्ति का दिया संदेश, रावण की जगह नशासुर का पुतला फूंका



**बिलासपुर।** समाज को नशा मुक्त बनाने की पहल के साथ अखिल विश्व गायत्री परिवार की शाखा गायत्री शक्तिपीठ विनोबानगर द्वारा व्यसन मुक्ति नारे के साथ नशा मुक्त भारत अभियान चलाया। गायत्री परिवार ने नशे के दुष्प्रभाव से अवगत कराने के लिए जन जागरूकता नुक्कड़ रैली का आयोजन किया। दशहरे पर नशासुर के पुतले का दहन किया गया। शक्तिपीठ मुख्य प्रबंध ट्रस्टी हेमराज वैश्य ने बताया कि दशहरा पर रावण के स्थान पर व्यसन रूपी नशासुर का दहन किया गया, क्योंकि आज के युग में नशा एक रावण की तरह व्यास है, जो कि समाज के युवा वर्गों सहित अन्य वर्गों को भी विकृत कर रहा है, नुकसान पहुंचा रहा है। द्वारिका प्रसाद पटेल ने बताया कि नुक्कड़ सभा में प्रेरणाप्रद ढंग से समझाया गया कि नशे से दूर रहें। दीया मंडल के देवेन्द्र साहू ने कहा कि समाज में अत्याचार, अनाचार, छोटी-छोटी बच्चियों के साथ दुराचार तेजी से बढ़ रहा है। इसके पीछे मुख्य कारण समस्त व्यसन है। मुख्य ट्रस्टी हेमराज वैश्य, जिला समन्वयक नंदिनी पाटनवार, रामकुमार श्रीवास, द्वारिका पटेल, बृजेश साहू, योगिता साहू, सौरभ पाटनवार, वेद प्रकाश थवाईत, आदित्य पाटनवार, मन्नू, दीपिका साहू, डॉ. प्रियंका नेताम, आकांक्षा वर्मा, वेद प्रकाश थवाईत, आशुतोष यादव आदि सहित अन्य मौजूद रहे।

कांग्रेस-बीजेपी की प्रत्याशियों की डिटेल प्रोफाइल

### बिलासपुर संभाग में अरुण साव और थानेश्वर साहू के बीच टक्कर, OP चौधरी का प्रकाश नायक से मुकाबला

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में बिलासपुर संभाग सबसे बड़ा संभाग है। यहां की 25 सीटों में कई दिग्गज चुनाव लड़ेंगे। इसमें लोरमी से सांसद और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव लोरमी से चुनाव लड़ेंगे। जिनके सामने कांग्रेस के थानेश्वर साहू हैं। वहीं 2018 में खरसिया से चुनाव लड़ने वाले ओपी चौधरी को इस बार बीजेपी ने रायगढ़ से टिकट दिया है। इनके सामने प्रकाश नायक रहेंगे।



विधानसभा चुनाव 2023

### इस बार चुनाव चिह्न में भाला, माउस और पैन कार्ड भी

**बिलासपुर।** चुनाव आयोग ने इस बार कुछ नए चुनाव चिह्न भी जारी किए हैं। टोक्यो ओलिंपिक में भाला फेंक में नीरज चोपड़ा ने गोल्ड मैडल अपने नाम किया था। पहली बार इसे चुनाव चिह्न में शामिल किया गया है। इसके अलावा कम्प्यूटर माउस, पैन ड्राइव, सीसीटीवी, मोबाइल चार्जर को भी शामिल किया गया है। अब तक पाइनएप्पल (अनानास) ही चुनाव चिह्न में था। अब एप्पल (सेब) को भी शामिल किया गया है। गैर मान्यता प्राप्त दलों और निर्दलीय प्रत्याशियों के लिए चुनाव आयोग ने इस बार 30 नए चुनाव चिह्न तय किए हैं। 2018 के विधानसभा चुनाव में 167 चिह्न जारी किए गए थे। इस बार 197 चिह्न तय किए गए हैं। इनमें सुबह के नाश्ते का रामबाण जुगाड़ ब्रेड टोस्टर, अदरक और रेत घड़ी को भी शामिल किया गया है। यह देखना बहुत मजेदार होगा कि अदरक का स्वाद किसे मिलता है, रेत घड़ी किसके काम आएगी और हेलीकॉप्टर कौन चढ़ेगा।



#### पशु-पक्षियों का चिह्न नहीं

प्रत्याशियों को कई तरह के चिह्न दिए जाते हैं, लेकिन अब पशु-पक्षी से संबंधित चिह्न प्रत्याशियों को नहीं दिए जाते। ऐसा पशु अधिकार अधिनियम की वजह से किया गया है। पूर्व में जब इस तरह के चिह्न दिए जाते थे तो प्रत्याशी पशु या पक्षी को लेकर प्रचार में उतर जाते थे।

#### समय के साथ चिह्न भी अपग्रेड

डिजिटल युग में डिजिटल गैजेट से लैस प्रत्याशियों के लिए कई नए विकल्प उपलब्ध हैं।

# निष्टीगुड़ा में फिर पकड़ाया उड़ीसा की शराब

**किराने की दुकान के आड़ में ओडिसा का शराब बेचने वाली महिला कोचिया को 100 नग शराब के साथ आबकारी विभाग ने गिरफ्तार कर भेजा जेल**





**देवभोग। अवैध** शराब बिक्री के खिलाफ आबाकारी विभाग की कार्यवाही लगातार जारी है। सप्ताह भर के भीतर निष्टीगुड़ा में यह दूसरी बड़ी कार्यवाही है। आबकारी उप निरीक्षक नागेश श्रीवस्ताव ने बताया कि निष्टीगुड़ा गांव के भीतर छोटे से किराने दुकान में ओडिसा के लाल घोड़ा ब्रांड शराब पाउच बेचने की सूचना मिली थी। आबकारी की टीम ने दुकान में आरोपी भानुमति के कब्जे से 100 नग शराब पाउच जप्त किया गया। महिला के विरूद्ध आबकारी अधिनियम 34(2),36 व 59(क) के तहत कार्यवाही कर जेल दाखिला कराया गया।इस कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक नागेश राज श्रीवास्तव के टीम में आरक्षक, पीताम्बर चौधरी,नगर सैनिक पदमन साहू, मिथिलेश सिन्हा वाहन चालक गोवर्धन सिन्हा महिला सैनिक हेमबाई साहू का सराहनीय योगदान रहा। बाइक शराब छोड़ भाग गया था आरोपी- विगत 19 अक्टूबर को भी आबकारी विभाग ने इसी गांव में छापेमारी कर ओडिसा से लाया गया शराब जप्त किया था। 19 अक्तूबर की पहट 4 बजे आबकारी ने ओडिसा के रास्ते से प्रवेश किये बाइक को रोक कर तलाशी लिया,सफेद बोरी ने 100 नग ओडिसा का पाउच लाया जा रहा था,आबकारी की टीम को देखते हुए आरोपी फरार हो गया था।आबकारी ने बाइक को जप्त कर मामले की जांच कर रही है।

# माचिस गोदाम में लगी भीषण आग, 3 दुकान जले

शॉर्ट सर्किट से घटना की आशंका, 8 दमकलों ने पाया आग पर काबू

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में स्थित व्यापार विहार में गुरुवार की सुबह माचिस गोदाम में भीषण आग लग गई। फॉस्फोरस से आग की लपटें तेजी से फैलने लगीं और बगल की 2 दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया।





व्यापारियों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन आग तेजी से फैलने लगी। बाद में घटना की सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचे और करीब 4 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग बुझाने में 10 दमकल की गाड़ियां लगीं। आग से व्यापारियों को लाखों रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। व्यापार विहार में संभाग का सबसे बड़ा माल गोदाम है, जहां थोक में काम होता है और संभाग भर के बड़े व्यापारी खरीदारी करते हैं। गुरुवार की सुबह करीब 6.30 बजे नगर निगम की सफाई करने वाली टीम पहुंची, तब मां पार्वती ट्रेडर्स से धुएं के साथ आग की लपटें उठती हुई दिखाई दी। उन्होंने इसकी जानकारी आसपास के लोगों के साथ ही अन्य कारोबारियों को दी।

#### फारस्फोरस की वजह से तेजी से फैली आग

दरअसल, माचिस गोदाम के अंदर राजश्री गुटखा भी रखा था, जहां से सुबह धुआं उठना शुरू हुआ। इसके बाद आग की लपटें तेजी से फैलने लगी। आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते पास की दो दुकानों तक पहुंच गई। घटना की जानकारी मिलते ही व्यापारियों की भीड़ लग गई। वहीं दमकलकर्मी आग बुझाने की कोशिश में जुटे रहे।

फायर ब्रिगेड की टीम ने आग को फैलने से रोकने की कोशिश की, लेकिन आग बुझने का नाम नहीं ले रही थी। 10 फायर ब्रिगेड के वाहन से 8 से 10 राउंड पानी मंगाकर आग पर काबू पाया। करीब 4 घंटे की मशक्कत के बाद आग बुझा लिया गया, फिर भी अंदर गोदाम से धुआं उठ रहा था, जिसे दमकलकर्मी बुझाने में लगे रहे।

# विधायक प्रत्याशी महेश गागड़ा ने जनसंपर्क में झोंकी ताकत, जनता से जुड़ने लगातार कर रहे डोर-टू-डोर प्रचार

नुक्कड़ सभाओं के जरिये मतदाताओं को साधने के साथ ही कांग्रेस को बताया भ्रष्ट सरकार

**बीजापुर ।** चुनावी बयार के बीच त्यौहारों का उल्लास प्रत्याशियों के लिये उपयोगी तो हुआ ही है, लेकिन विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में आगामी माह 07 नवंबर को मतदान होना है। प्रचार-प्रसार के लिये प्रत्याशियों के पास गिनती के ही दिन शेष हैं। ऐसे में विधायक प्रत्याशी लगातार जनसंपर्क बनाए हुए हैं। इसी तारतम्य में भाजपा प्रत्याशी महेश गागड़ा भी सघन प्रचार-प्रसार में लगे हुए हैं। प्रचार प्रसार की कड़ी में भाजपा प्रत्याशी महेश गागड़ा ने नगर पालिका बीजापुर में वार्ड क्रमांक 01, 03 और 14 मांझीपारा, कोकड़ापारा, अटल आवास बीजापुर में लोगों से मिलकर जनसमर्थन की मांग की। साथ ही भाजपा प्रत्याशी महेश गागड़ा ने नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के पक्ष में वोट कर छत्तीसगढ़ में मजबूत सरकार बनाने के लिए सहयोग और समर्थन भी मांगा और कांग्रेस सरकार को भ्रष्टाचारी और अपराधियों की संरक्षक सरकार बताया।





# पंद्रह कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन, भाजपा प्रत्याशी महेश गागड़ा ने किया अभिनंदन





**जगदलपुर ।** एक तरफ चुनाव प्रचार जोरों पर है, तो दूसरी तरफ पार्टियों में प्रवेश की चाह रखने वाले युवा भी कहां पीछे रहने वाले हैं। नेताओं से प्रवाभित लोग लगातार राजनीतिक पार्टियों में प्रवेश के लिये पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में 15 कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रत्याशी महेश गागड़ा के समक्ष पार्टी जॉइन करने की इच्छा जाहिर की, जिसके बाद महेश गागड़ा ने पार्टी का गमछा पहनाते हुए मिठाई खिलाकर नवप्रवेशित कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। साथ ही कार्यकर्ताओं में जोश का संचार करते हुए महेश गागड़ा ने पार्टी के लिये बूथ स्तर पर मजबूती से कार्य करने की सलाह दी। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार सहित कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# रास गरबा सीजन 5 का भव्य समापन

रास गरबा ऑफ द ईयर रीतू सखारकर ने जीता डायमंड रिंग, लिटल चैम्प ऑफ द ईयर की उपाधि श्रेया नायडू को

**दल्लीराजहरा** – राजहरा युथ वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित रास गरबा सीजन 5 का हुआ भव्य आयोजन हुआ। 4 दिन तक चले गरबा महोत्सव के समापन पर आयोजित कार्यक्रम से रूबरू होने शहर वासी देर रात तक अपने स्थान में जमे रह। उनकी तालियों के उत्साहवर्धन से प्रतिभागियों का भी उत्साह दोगुना रहा। मारी कालिका माई के द्वारे ढोल बाजे रे..., पंखिड़ा ओ पंखिड़ा..., सत्यम.. शिवम सुंदरम.., जयो जयो मां जगदम्बे..., बाजे रे बाजे ढोल बाजे..., जैसे गीतों के साथ रीमिक्स के तड़के ने माहौल में वासंती रंग घोला। पांपरिक और भक्ति गीतों के साथ ही सिंगल रास, डबल रास, भाई-भाई, मटकी डांस, जोड़ी रास, कच्छी गरबा, सुरती रास पर डांडियों की खनक शाम से लेकर देर रात तक गूंजती रही। गीत संगीत और ढोल की थाप ने बारडोली की धरा को गुंजायमान कर दिया। ट्रेडीशनल से लेकर रीमिक्स ने मचाई धूम रास गरबा महोत्सव के चतुर्थ दिवस ट्रेडीशनल के साथ रीमिक्स सांग्स में प्रतिभागियों के कदमों ने गरबे की प्रस्तुतियों की अद्भुत छटा बिखेरी फाइनल प्रस्तुतियां देने रिंग में उतरे प्रतिभागी देर रात तक अपने नृत्यों की छटा से पूरे प्रांगण में धूम मचाते रहे। आरती पूजन के साथ समापन हुआ। लौहनगरी दल्ली राजहरा नगर में आयोजित रास गरबा में 700 से भी अधिक संख्या में गरबा प्रेमियों के द्वारा रास गरबा किया गया। 4 दिवसीय इस कार्यक्रम में प्रत्येक दिन अलग-अलग रंग के परिधान और थीम कोड निर्धारित किए गए । प्रथम दिवस भगवा रंग, द्वितीय दिवस कलर ऑफ इंडिया, तीसरे दिवस काला चश्मा का थीम रखा गया था। इस वर्ष रास गरबा ऑफ द ईयर का पुरस्कार रितु सखारकर ने जीता जिन्हें डायमंड रिंग एवं शील्ड प्रदान किया गया साथ ही द्वितीय पुरस्कार अमनदीप सिंह लिटल चैम्प ऑफ द ईयर श्रेया नायडू को प्राप्त हुआ। साथ ही विभिन्न श्रेणियों में जैसे बेस्ट कॉस्टयूम, फेस ऑफ द क्राउड, हीरो ऑफ द सीजन, टॉप टेन परफ़ॉर्मर मिलाकर कुल 40 पुरस्कार एवं सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन अतिथि के रूप में गोविंद वाधवानी अध्यक्ष राजहरा व्यपारी संघ, पत्रकार अजयन पिल्लई , नवीन कथूरिया, कुशल कथूरिया,अमित कुकरेजा एवं संदीप गोगड़ उपस्थित थे। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल में काजल सोनी, संभावी सिंह, तंशु कथूरिया उपस्थित थे। राजहरा युथ वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम सभी प्रतिभागियों ने सरहाना की एवं आने वाले वर्षों में और भव्य होने की उम्मीद की।





## तमिल स्टार जय के नए शो लेबल का नया पोस्टर जारी



तमिल स्टार जय अपनी अपकमिंग वेब-सीरीज लेबल के लिए तैयारी कर रहे हैं, जो एक सोशल-पॉलिटिकल-थ्रिलर सीरीज है। इस शो का ट्रेलर जल्द ही रिलीज होने वाला है। फिलहाल, मेकर्स ने नया पोस्टर जारी किया है।

पोस्टर में थिरुमानम एन्नुम निकाह एक्टर को वकील के लुक में दिखाया गया है। उन्होंने ब्लैक कोट पहना है और हाथ में ब्रीफकेस पकड़ा हुआ है।

पोस्टर में वह किसी चीज की ओर बढ़ते नजर आ रहे हैं, जो उनके लिए भविष्य में सफलता हासिल करने की कोशिश प्रतीत होती है। लेकिन, इस दौरान सैकड़ों लोग उन्हें नीचे से रोकने की कोशिश कर रहे हैं।



## म्यूजिकल प्ले आनंद ने मेरे दृष्टिकोण का किया विस्तार : अनीशा मधोक

हॉलीवुड फिल्म बुली हाई में अपने काम के लिए मशहूर एक्ट्रेस अनीशा मधोक अब म्यूजिकल प्ले आनंद में नजर आएंगी। उन्होंने अपना एक्सपीरियंस शेयर किया और कहा कि इससे उन्हें कला के बारे में दृष्टिकोण का विस्तार करने में मदद मिली।

आनंद का निर्देशन मुजफ्फर अली ने किया है।

अनीशा झुमकी की भूमिका निभा रही हैं, जो एक युवा मोहक लड़की है और आनंद की तलाश में आध्यात्मिक ज्ञान का सामना करती है। कबीर बेदी इस नाटक के सूत्रधार हैं। अनीशा ने कहा, पूरे अनुभव ने शांति, रचनात्मकता और ग्रहणशीलता के संयोजन के साथ कला के बारे में मेरे दृष्टिकोण का विस्तार करने में मदद की है। मुजफ्फर अली सर की आभा मुझे उनके प्रति विस्मय में रखती है।

उन्होंने कहा, वह अपने नाम के कारण नहीं बल्कि सीमाओं से परे कला के प्रति समर्पण करने की अपनी क्षमता के कारण बेहतरीन कलाकार हैं। मेरे द्वारा कहे गए कोई भी शब्द पर्याप्त नहीं हैं। मैं बहुत आभारी हूं।

आनंद से उन्हें किस तरह की प्रतिक्रिया की उम्मीद है, इस पर अनीशा ने कहा, मुझे लगता है कि भारत आगे बढ़ रहा है। मैंने साउथ कैलिफोर्निया के विश्वविद्यालय से पढ़ाई की है और सिंगिंग, डांस और एक्टिंग के साथ लाइव परफॉर्मेंस की अपनी सारी सीख वापस ला रही हूं। आइए अपने देश में कला के मानकों को ऊंचा बनाएं, खासकर हमारे देश का प्रतिनिधित्व करने वाली प्रतिभाओं के संबंध में। नाटक में उनके सभी आउटफिट समा अली और मीरा अली द्वारा डिजाइन किए गए हैं।

## शादी के बाद परिणीति चोपड़ा ने कराया हॉट फोटोशूट

बॉलीवुड एक्ट्रेस हाल ही में शादी के बंधन में बंधी हैं. एक्ट्रेस आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा के साथ परिणय सूत्र में बंधी हैं. अब शादी के बाद एक्ट्रेस का बेहद ग्लैमरस फोटोशूट सामने आया है. बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा ने शादी के बाद बेहद हॉट फोटोशूट कराया है.

फिल्मफेयर के लिए किए गए इस फोटोशूट में एक्ट्रेस बेहद ही बोल्ड नजर आ रही हैं. बॉलीवुड में चुलबुली लड़की की इमेज वाली परिणीति चोपड़ा शादी के बाद अब एक नए अवतार में नजर आ रही हैं. उन्होंने फिल्मफेयर के कवर के लिए एक हॉट फोटोशूट कराया है. अब एक्ट्रेस की यह तस्वीरें सोशल मेडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रही हैं. फैंस जमकर एक्ट्रेस की तारीफ कर रहे हैं. एक यूजर ने पोस्ट पर कमेंट कर लिखा, परिणीति के इन फोटोज को देखकर राघव चड्ढा के भी पसीने छूट जाएंगे. वहीं एक अन्य यूजर ने कमेंट कर लिखा, हॉटनेस ओवरलोडेड. साथ ही परिणीति और राघव के रिसेप्शन की तस्वीरें भी सामने आई हैं. फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने इंस्टाग्राम पर फोटो शेयर की हैं. चित्र में दोनों काफी खूबसूरत लग रहे हैं. इन तस्वीरों में परिणीति ने रोसेट ब्लश साड़ी पहनी है, वहीं राघव चड्ढा ब्लैक और व्हाइट सूट पहने नजर आ रहे हैं. तस्वीरों में दोनों ही बेहद खूबसूरत लग रहे हैं. तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि एक्ट्रेस ने एमरल्ड नेकपीस पहना है. न्यूड मेकअप किया हुआ है. साथ ही बालों को खुला रखा है।



## सुष्मिता सेन की आर्या 3 का प्रोमो वीडियो जारी, डिज्नी+हॉटस्टार पर 3 नवंबर को रिलीज होगी




सुष्मिता सेन को आखिरी बार वेब सीरीज ताली में देखा गया था, जो ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर उपलब्ध है।आने वाले दिनों में सुष्मिता वेब सीरीज आर्या के तीसरे किस्त आर्या 3 में अपनी मौजूदगी दर्ज करवाएंगी।आर्या के पहले और दूसरे सीजन के बाद से ही दर्शक इसके तीसरे सीजन का ब्रेसबी से इंतजार कर रहे हैं।अब आर्या 3 का प्रोमो वीडियो सामने आ चुका है, जिसमें सुष्मिता जबरदस्त एक्शन करती नजर आ रही हैं। सामने आए प्रोमो वीडियो में सुष्मिता अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए दुनिया से भिड़ती दिखाई दे रही हैं।आर्या 3 का प्रीमियर 3 नवंबर को डिज्नी+ हॉटस्टार पर किया जाएगा। ओटीटी प्लेटफॉर्म ने अपने आधिकारिक एक्स पर आर्या 3 का प्रोमो वीडियो साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, भ्रष्टाचार के सामने अच्छी बात यह है कि एक बार कायम करने का समय आ चूका है। शेरनी तैय्यार है।इसका निर्देशन राम माधवानी द्वारा किया गया है।

सुष्मिता ने सीरीज में आर्या सरीन का किरदार निभाया है। उन्होंने खुलासा किया है कि कैसे स्क्रिप्ट की शुरुआत से छापी गई आर्या की ताकत सीजन तीन में उनकी उपस्थिति को मजबूत कर रही है। उसी के बारे में बात करते हुए, पूर्व मिस यूनिवर्स ने कहा, मैं आर्या से प्रेरित रही हूं, जिस तरह से हम शूट करते हैं, उन दोनों की सच्चाई घुल-मिल जाती है, सुष्मिता के मौजूद होने और आर्या के सुष्मिता से प्रभावित होने की भी सच्चाई होनी चाहिए।

## फिल्म टाइगर 3 का पहला गाना लेके प्रभु का नाम जारी, अरिजीत जीत ने लगाए सुर



सलमान खान और कैटरीना कैफ स्टारर फिल्म 'टाइगर 3' साल 2023 की सबसे बड़ी फिल्मों से एक है. हाल ही में फिल्म का टीजर रिलीज किया गया था जिसे फैंस का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है और लोग अब इस फिल्म की रिलीज का इंतजार नहीं कर पा रहे हैं. वहीं अब फैंस की एक्साइटमेंट को और बढ़ाते हुए फिल्म से नया सॉन्ग 'लेके प्रभु का नाम' भी रिलीज कर दिया गया है जो काफी शानदार है. बता दें कि यशराज फिल्म्स ने आज रामनवमी के मौके पर अपनी अपकमिंग फिल्म 'टाइगर 3' से पहला सॉन्ग 'लेके प्रभु का नाम का रिलीज कर दिया है. यह गाना 'एक था टाइगर' के 'माशाल्लाह' और 'टाइगर जिंदा है' के 'स्वैग से स्वागत' जैसे डांस नंबर्स में एक और एडिशन है. 'टाइगर 3' का रिलीज किया गया पहला म्यूजिक वीडियो कैप्पाडोसिया, तुर्की में शूट किया गया है।

## दीपिका और रणवीर ने 2015 में की थी गुपचुप सगाई, कॉफी विद करण में किया खुलासा




लोकप्रिय चैट शो कॉफी विद करण के 8वें सीजन के पहले एपिसोड में स्टार कपल रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण नजर आएंगे। एपिसोड के दौरान कपल ने बताया कि दोनों ने साल 2015 में गुपचुप तरीके से सगाई कर ली थी।

एपिसोड के प्रोमो में रणवीर और दीपिका को मजेदार सवालों का जवाब देते हुए दिखाया गया है। रणवीर ने बातचीत के बीच करण जौहर को को ठरकी अंकल कहा।

करण जौहर दोनों से पूछते हैं कि क्या उन्होंने गुपचुप तरीके से सगाई की थी ?, और इस पर रणवीर सिंह ने कहा, साल 2015 में मैंने इसे प्रपोज किया था। इससे पहले कि कोई और आ जाए, मैं जाकर चप्पल रख देता हूं। दीपिका से पूछा गया कि क्या वह रॉकी रंधावा को डेट करेंगी तो उन्होंने खुलासा किया, मैंने रॉकी रंधावा से शादी की है।

इसके अलावा, जब दीपिका से पूछा गया कि अपने प्यारे पति के अलावा वह किसके साथ अच्छी केमिस्ट्री शेयर करती हैं, तो वह कहती हैं, मुझे लगता है कि ऋतिक के साथ मेरी केमिस्ट्री अच्छी है, जिसे हर कोई देखेगा।

कॉफी विद करण सीजन 8 नए गेम्स के साथ डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 26 अक्टूबर को स्ट्रीम के लिए उपलब्ध होगा, जिसमें ऑल-टाइम फेवरेट रैपिड फायर भी शामिल है। शो के नए एपिसोड हर गुरुवार को आएंगे।

# खेल




**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया ने वनडे वर्ल्ड कप में बुधवार को नीदरलैंड पर 309 रन से जीत दर्ज की। यह वर्ल्ड कप इतिहास में किसी भी टीम की रन के लिहाज से अब तक की सबसे बड़ी जीत है। पिछला रिकॉर्ड 257 रन का था। ऑस्ट्रेलिया ने ही 2015 में पर्थ में अफगानिस्तान को इस अंतर से हराया था। ग्लेन मैक्सवेल (44 गेंद पर 106 रन) वर्ल्ड कप में सबसे तेज शतक जमाने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने 40 गेंदों पर शतक जमाया। उनके अलावा डेविड वॉर्नर (93 गेंद पर 104 रन) ने भी सेंचुरी जमाई। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हिए 50 ओवर में 9 विकेट पर 399 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड की टीम 20.5 ओवर में 90 रन के स्कोर पर सिमट गई।

वर्ल्ड कप में सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड

## ऑस्ट्रेलिया ने नीदरलैंड को 309 रन से हराया, मैक्सवेल के नाम सबसे तेज शतक

### नीदरलैंड मैच का स्कोरकार्ड

पावरप्ले में दबाव बनाने के बाद ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने मिडिल ओवर में कमाल की गेंदबाजी की। डच टीम ने बीच के 11 ओवर में 42 रन बनाने में 7 विकेट गंवा दिए। इस दौरान कोई भी बल्लेबाज 15 रन के आंकड़े तक नहीं पहुंच सका।

स्पिनर एडम जम्पा ने 3 ओवर में 8 रन देकर आखिरी 4 बल्लेबाजों को आउटकर कंगारुओं को जीत के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करने दिया। जम्पा से पहले मिचेल मार्श ने दो और कप्तान पैट कमिंस ने एक विकेट लेकर नीदरलैंड के मिडिल ऑर्डर की कमर तोड़ दी। दो बल्लेबाज रनआउट हुए।



400 रन का टारगेट चेज करने उतरे नीदरलैंड के ओपनर्स ने पॉजिटिव अप्रोच के साथ शुरुआत की, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी आक्रमण के सामने ज्यादा देर टिक नहीं सके। टीम ने पावरप्ले में 48 रन बनाने में टॉप-3 विकेट गंवा दिए।

पारी की शुरुआत में विक्रमजीत सिंह और मैक्स ओ डाउड की जोड़ी ने कुछ अच्छे शॉट जमाए। इस जोड़ी ने हेजलवुड के पहले ओवर से 14 रन निकाले। फिर चौथा ओवर लेकर आए मिचेल स्टार्क की बॉल पर 2 चौके जड़े, हालांकि 5वें ओवर में स्टार्क ने डच टीम को पहला झटका दिया। उन्होंने मैक्स ओडाउड को 6 रन के निजी स्कोर पर पवेलियन भेजा। उसके बाद ग्लेन मैक्सवेल ने विक्रमजीत सिंह (25 रन) को रनआउट किया। हेजलवुड ने 10वें ओवर में कॉलिन एकरमैन (10 रन) को भी आउट किया। नई दिल्ली के अरुण जेटली मैदान पर बुधवार को ऑस्ट्रेलिया टीम ने डेविड वॉर्नर (104 रन) और ग्लेन मैक्सवेल (106 रन) के शतकों के सहारे 50 ओवर में 8 विकेट पर 399 रन बनाए। मैक्सवेल (40 बॉल) ने वर्ल्ड कप का सबसे तेज शतक जमाया।

## मैक्सवेल-वॉर्नर की पारियों से ऑस्ट्रेलिया ने 400 का टारगेट दिया

### जम्पा की बॉलिंग से 90 पर सिमटा नीदरलैंड




**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के मैदान पर ऑस्ट्रेलियाई टीम ने डेविड वॉर्नर (93 बॉल पर 104 रन) और ग्लेन मैक्सवेल (44 बॉल पर 106 रन) के शतकों के सहारे 399 रन का स्कोर खड़ा किया। फिर एडम जम्पा (4 विकेट) की सटीक गेंदबाजी के दम पर नीदरलैंड को 21 ओवर में 90 रन पर ऑलआउट कर दिया।

टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम के टॉप और मिडिल ऑर्डर बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। मिचेल मार्श (9 रन) और जोश इंग्लिस (14 रन) को छोड़कर टॉप-6 में से 4 बल्लेबाजों ने 60 से ज्यादा रन बनाए। इनमें डेविड वॉर्नर ने 104, स्टीव स्मिथ ने 71, मार्नस लाबुशेन ने 62 और ग्लेन मैक्सवेल ने 106 रन की पारियां खेली। 28 रन पर मिचेल मार्श का विकेट गंवाने पर ऑस्ट्रेलियाई ओपनर डेविड वॉर्नर ने स्टीव स्मिथ के साथ तीसरे विकेट के लिए 132, मार्नस लाबुशेन के साथ 84 रनों की साझेदारियां करके टीम को मजबूत स्कोर का बेस तैयार किया। वे 267 के टीम स्कोर पर आउट हुए। वॉर्नर के आउट होने के बाद ग्लेन मैक्सवेल ने 44 गेंद पर 104 रनों की विस्फोटक पारी खेलकर टीम का स्कोर 400 के करीब पहुंचाया। उन्होंने कप्तान पैट कमिंस के साथ 103 रनों की पार्टनरशिप की।

वॉर्नर ने पुष्पा सेलिब्रेशन किया

## फ्लाइंग कैच भी लिया, मैक्सवेल की फास्टेस्ट सेंचुरी; नीदरलैंड-ऑस्ट्रेलिया मैच के मोमेंट्स

ऑस्ट्रेलिया ने वनडे वर्ल्ड कप में बुधवार को नीदरलैंड पर 309 रन से जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट पर 399 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड की टीम 20.5 ओवर में 90 रन के स्कोर पर ही सिमट गई।

इस जीत में डेविड वॉर्नर और ग्लेन मैक्सवेल के शतक का बहुत बड़ा योगदान रहा। ग्लेन मैक्सवेल ने सिक्स लगा कर अपना शतक पूरा किया। वहीं, सेंचुरी पूरी करने के बाद डेविड वॉर्नर ने पुष्पा स्टाइल में सेलिब्रेशन किया। इस खबर में हम मैच के ऐसे ही टॉप मोमेंट्स जानेंगे।



ऑस्ट्रेलिया की इंनिंग्स के 17वें ओवर में वॉर्नर रन आउट होने से बचे। कॉलिन एकरमैन की पहली बॉल पर वार्नर ने मिडविकेट की ओर शॉट खेला और रन लेने के लिए दौड़े। मिड विकेट में 30 यार्ड सर्कल के अंदर मैक्स ओ'डाउड ने बॉल को लपक लिया। इधर वॉर्नर रन लेने के लिए आधी पिच पार कर चुके थे। दूसरे छोर पर स्टीव स्मिथ ने वार्नर को रन लेने से मना कर दिया। जल्दी-जल्दी में मैक्स ओ'डाउड के हाथ से बॉल छूट गई और वह विकेटकीपर की ओर थ्रो लगाने में लेट हो गए। इतने में वॉर्नर क्रीज के अंदर लौट गए और उन्हें जीवनदान मिल गया। 23वें ओवर की आखिरी बॉल पर वान डर मेर्व ने शॉर्ट एक्स्ट्रा कवर पर वॉर्नर का कैच लपका। कैच कंप्लीट करने पर ऐसा लगा कि मेर्व के हाथों से बॉल ग्राउंड पर लगी है। वॉर्नर ने कैच के बाद तुरंत नॉन स्ट्राइक पर खड़े अपने साथी स्टीव स्मिथ से कहा कि मैं नॉटआउट हूं।

### एक नजर

## वर्ल्डकप का सबसे तेज शतक बनाने वाले मैक्सवेल का खुलासा

### कहा-बैटिंग नहीं करना चाहता था, मेरी तबीयत खराब थी

वर्ल्ड कप का सबसे तेज शतक बनाने वाले ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने मैच के बाद कहा कि उनकी तबीयत ठीक नहीं थी और वह बल्लेबाजी नहीं करना चाहते थे। मैक्सवेल ने बुधवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड के बीच खेले गए मैच में 40 गेंदों पर अपनी सेंचुरी पूरी की। उन्होंने 44 गेंदों पर 106 रन की पारी खेली। मैक्सवेल को उनकी रिकॉर्डतोड़ पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मैच के बाद मैक्सवेल ने कहा, मैं पूरी तरह ठीक नहीं हूं, जब ड्रेसिंग रूम में था तब बल्लेबाजी नहीं करना चाहता था। जब मैं यहां पहुंचा तो मुझे ठंड लग रही थी और आज क्रीज पर आने से पहले खुद से ज्यादा उम्मीदें नहीं थीं।




## एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में भारत स्कीट टीम ने जीता गोल्ड

### अनंत जीत, गुरजोज और अंगद वीर की भारतीय तिकड़ी ने कोरिया को 1 अंक से हराया

कोरिया में चल रही एशिया शूटिंग चैंपियनशिप में बुधवार को भारतीय शूटरों ने तीन मेडल जीते। अनंत जीत सिंह नरुका, गुरजोज खांगुरा और अंगद वीर सिंह बाजवा की मेंस स्कीट टीम ने गोल्ड जीता। जबकि सरबजोत सिंह और सुरभि राव की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल में सिल्वर जीता। वहीं जूनियर वर्ग में शुभम बिस्ला और संयम की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल के मिक्स्ड में ब्रॉन्ज मेडल जीता।

### 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम ने जीता सिल्वर

एयर पिस्टल में पहला कोटा दिलवाने वाले सरबजोत सिंह ने सुरभि राव के साथ मिलकर 10 मीटर पिस्टल मिक्स्ड इवेंट में सिल्वर जीता। उन्होंने क्वालिफिकेशन राउंड में 581 स्कोर किया। चार टीमों के 581अंक थे और इसमें दो चीनी टीमें भी शामिल थीं। नियम के अनुसार फाइनल में एक देश की केवल एक टीम ही खेल सकती है, ऐसे में भारतीय जोड़ी को फाइनल खेलने का मौका मिल गया। गोल्ड के लिए हुए मैच में सरबजोत सिंह और सुरभि राव को चीनी जोड़ी ली जू और लियू जिन्याओ से 4-16 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी को सिल्वर से संतुष्ट होना पड़ा।



### जूनियर मिक्स्ड टीम को मिला ब्रॉन्ज मेडल

जूनियर वर्ग में भारत के शुभम बिस्ला और संयम की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता। उन्होंने ब्रॉन्ज मेडल के इवेंट में कजाखिस्तान की मलिका सेल और किरिल सुकानोव की जोड़ी को 16-10 से हराया।

विधानसभा आम निर्वाचन.2023

# 4 अभ्यर्थियों ने जमा किया नामांकन

## 6 प्रत्याशियों ने खरीदे नाम निर्देशन पत्र







जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

विधानसभा आम निर्वाचन-2023 अंतर्गत आज 26 अक्टूबर को जिले की चार विधान सभाओं के लिए कुल 4 नामांकन पत्र जमा किए गए है। वहीं 6 प्रत्याशियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र भी लिए गए।

जिन 4 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन पत्र जमा किए गए है। इनमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा से सुनीति राठिया,भारतीय जनता पार्टी, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक.18 खरसिया से महेश राम साहू,भारतीय जनता पार्टी एवं उमेश पटेल इंडियन नेशनल कांग्रेस, तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-19 धरमजयगढ़ से लालजीत सिंह राठिया इंडियन नेशनल कांग्रेस द्वारा नामांकन पत्र जमा किए गए। रायगढ़ विधानसभा से किसी के द्वारा नामांकन जमा नहीं किया गया। जिन 6 प्रत्याशियों ने नामांकन फार्म खरीदे इनमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा से एक अभ्यर्थी मनीषा प्रधान छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जे.ने नामांकन फार्म लिया। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक.16 रायगढ़ से एक अभ्यर्थी सुनील मिंज जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी, ने नामांकन फार्म खरीदा। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-18 खरसिया से 2 अभ्यर्थी गोवर्धन राठिया निर्दलीय, एवं कीर्ति कुमार राठिया गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने नाम निर्देशन पत्र लिया। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-19 धरमजयगढ़ से 2 अभ्यर्थियों अनुप कुमार बरवा बहुजन मुक्ति पार्टी,एवं जोगेन्द्र एक्का छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जे, ने नामांकन फ र्म लिया। इस प्रकार 21 अक्टूबर से अब तक कुल 41 नाम निर्देशन पत्र लिए गए हैं और 5 नामांकन पत्र जमा किया गया है।

विधानसभा निर्वाचन 2023

# नाम निर्देशन के चौथे दिन 04 प्रत्याशियों ने लिए नामांकन फार्म

## अब तक कुल 31 नाम निर्देशन पत्र लिया गया



जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत द्वितीय चरण की नाम निर्देशन पत्र फार्म लेने एवं जमा करने की प्रक्रिया के तहत् जशपुर जिले में आज चौथे दिन विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 12 जशपुर के लिए 02, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 13 कुनकुरी के लिए 01 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 14-पत्थलगांव के लिए 01 सहित कुल 04 प्रत्याशी ने निर्देशन पत्र प्राप्ति हेतु जिला कार्यालय में पहुंचकर नाम निर्देशन फार्म लिया गया। इस दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था तैनात की गई है।



संबंधित विधान सभा के रिटर्निंग ऑफि सर से प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 अक्टूबर को विधानसभा क्षेत्र क्रमांक.12 जशपुर हेतु रोहित खलखो निर्दलीय से एवं राजेश लकड़ा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से नामांकन फार्म लिया। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक.13 हेतु अलबर्ट मिंज हमर राज पार्टी से नामांकन फ ार्म लिया। विधान सभा क्रमांक.14 पत्थलगांव हेतु नेहरू लकड़ा निर्दलीय से नामांकन फ ार्म लिया। विगत दिवस 21 अक्टूबर को 07, 23 अक्टूबर को 10, 25 अक्टूबर को 10 सहित 26 अक्टूबर को 04 फ ार्म सहित अब तक कुल 31 नाम निर्देशन पत्र लिया गया है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन.2023

# द्वितीय चरण हेतु चौथे दिन 04 नामांकन पत्र हुए दाखिल

## अब तक 03 विधानसभा क्षेत्रों हेतु 04 अभ्यर्थियों ने भरे नामांकन पत्र



जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

विधानसभा आम निर्वाचन.2023 अंतर्गत द्वितीय चरण हेतु जिले के 03 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए आज चौथे दिन कुल 04 नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। संबंधित विधान सभा के रिटर्निंग ऑफिसर से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज विधानसभा क्षेत्र विधानसभा क्षेत्र क्रमांक.12 जशपुर से रायमुनी भगत भारतीय जनता पाटी से एवं विनय कुमार भगत इण्डियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से नामांकन पत्र दाखिल किए हैं।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक.13 कुनकुरी से उत्तम दान मिंज इण्डियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक.14 पत्थलगांव से रामपुकार सिंह ठाकुर इण्डियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। इस प्रकार अब तक जशपुर जिले के द्वितीय चरण के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए 04 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। उल्लेखनीय है कि विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत द्वितीय चरण में जिले के 03 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। द्वितीय चरण में हो रहे निर्वाचन के लिए प्रत्याशी 30 अक्टूबर 2023 तक नामांकन दाखिल कर सकते हैं।

**30 अक्टूबर तक अभ्यर्थी कर सकेंगे नामांकन दाखिल**

द्वितीय चरण के लिए नामांकन पत्रों की संवीक्षा 31 अक्टूबर को होगी। अभ्यर्थियों द्वारा नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 2 नवम्बर हैं। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत द्वितीय चरण में जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांवए विधानसभा क्षेत्रों में 17 नवंबर 2023 को मतदान होगा। प्रथम तथा द्वितीय दोनों ही चरणों की मतगणना 3 दिसंबर 2023 को होगी।



# सरोना के शिक्षक शेख इमरान उल्लाह ने गुवाहाटी में आयोजित शिक्षा में कठपुतली  का उपयोग राष्ट्रीय कार्यशाला में हिस्सा लिया

**कांकेर** । भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय नई दिल्ली के अंतर्गत सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र सी. सी. आर. टी. गुवाहाटी (असम) में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में एनईपी 2020 के अनुरूप शिक्षा में कठपुतली कला की भूमिका विषय पर देश के 12 राज्यों से 75 प्रतिभागियों ने शिरकत की छ.ग. राज्य से अलग - अलग जिलों से सात प्रतिभावान शिक्षको का चयन किया गया जिसमें कांकेर जिले में कन्या प्राथमिक शाला सरोना के शिक्षक शेख इमरान उल्लाह ने प्रतिनिधित्व किया। कठपुतली से सीखने से विद्यार्थियों को विविध संस्कृतियों का सम्मान करने बहुसंस्कृतिवाद को समझने में मदद मिलती है। शिक्षक शेख इमरान उल्लाह ने बताया कि देश के विभिन्न प्रांतो से आये शिक्षक अपने - अपने प्रांतो की कला, संस्कृति, नृत्य परम्परा ऐतिहासिक धरोहरो, खान-पान, रिती-दिलाजो की जानकारी आपस में साझा की। राष्ट्रीय स्तर पर छग की समृद्ध कला संस्कृति और सुवा, कर्मा, पंथी, राऊत नाचा देख सभी प्रतिभागी भूम उठे। कार्यशाला में शिक्षको ने अपनी सांस्कृतिक विरासत को शैक्षिक रूपरेखा में शामिल करने के तरिको पर विचार मंथन कर नई शिक्षा नीति के अनुसार कला आधारित शिक्षण अधिगम में सभी विषयो को कला के साथ जोड़ते हुए शिक्षण अधिगम को बहुत ही सरल और रोचक बनाने की प्रतिबद्धता की ही छग के जांजगीर चापा से प्रमोद कुमार टंडन, सूरजपुर से धर्मानंद गोजे, कबीर धाम से जगदीश विदोहिया, मुंगेली से दुधारांनी शर्मा, बीजापुर से शांतिलाल वर्मा एवं जरासन सोनवाली सम्मलित हुए।

## एक नजर

# कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने निर्वाचन की व्यवस्था का भौतिक सत्यापन की

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फ रिहा आलम सिद्दीकी ने निर्वाचन भंडार गृह, निर्वाचन कार्यालय, वाहन कक्ष, प्रेक्षक कक्ष,मतदान दलों की रवानगी वापसी कक्ष आदि का निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन किया। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने लोक निर्माण विभाग और सारंगढ़ के मंडी प्रबंधन द्वारा किए जा रहे निर्वाचन मूलभूत सुविधाओं और वाहन व्यवस्था के नोडल अधिकारी से उपलब्ध और आवंटित वाहनों की जानकारी ली। इसी प्रकार भंडार कक्ष में आवश्यक प्रपत्रों, मोकपोल सहित अन्य सील, स्टांप, निर्वाचन नियमावली के पुस्तक आदि की उपलब्धता की जानकारी ली। इस अवसर पर डॉ.सिद्दीकी ने मतदान दलों को संबंधित मशीनों का वितरण के बाद रवानगी और वापसी का रजिस्टर में रिपोर्टिंग आदि के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, उप निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी मोनिका वर्मा व डॉ स्निग्धा तिवारी, डिप्टी कलेक्टर टी आर महेश्वरी, नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान, तहसीलदार आयुष तिवारी, मंडी के अधिकारी, पीडब्ल्यूडी के एसडीओ आदि उपस्थित थे।

# जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन हेतु 04 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में हुए जनहानि के 01 मामले में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6.4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत कांसाबेल विकासखंड के ग्राम पुसरा निवासी मोहनीस राम का सड़क दुर्घटना अज्ञात वाहन के ठोकर से 17 फरवरी 2022 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पत्नी शांति बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं।

# रामपुर व कटघोरा विधानसभा के सेक्टर ऑफिसर, मास्टर ट्रेनर का ईवीएम कमिशनिंग का प्रशिक्षण 27 अक्टूबर को

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के निर्देशन में विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु विधानसभा रामपुर व कटघोरा के सर्व सेक्टर ऑफिसर एवं मास्टर ट्रेनर का ईवीएम मशीनों के कमीशनिंग का प्रशिक्षण 27 अक्टूबर 2023 को दोपहर 3 बजे से सायं 5.30 बजे तक जिला पंचायत सभाकक्ष मे आयोजित किया गया है। कलेक्टर ने सर्व संबंधितों को समय पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए हैं।

# जिले में व्यापमं ने विभिन्न भर्ती परीक्षा 29 को

## परीक्षा के सफल आयोजन हेतु प्रशासनिक पर्यवेक्षक किए गए नियुक्त

**कोरबा** । छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा विभिन्न भर्ती परीक्षा 29 अक्टूबर 2023 को दो पालियों में पूर्वान्ह 10 से 12.15 बजे एवं दोपहर 02 बजे से 04:15 बजे तक आयोजित होगी। प्रथम पाली की परीक्षा हेतु 24 परीक्षा केंद्र एवं द्वितीय पाली की परीक्षा हेतु 04 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसके अंतर्गत प्रथम पाली में 7,412 तथा द्वितीय पाली में 1,148 परीक्षार्थी शामिल होंगें। परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु शासकीय ईव्हीपीजी महाविद्यालय रजगामार रोड कोरबा को मार्गदर्शन केंद्र बनाया गया है, जिसका दूरभाष क्रमांक 07759-221458 है। परीक्षा के सुचारू आयोजन हेतु प्रशासनिक पर्यवेक्षकों की बैठक 27 अक्टूबर को शासकीय पीजी कॉलेज कोरबा में दोपहर 12 बजे आयोजित की जाएगी। उक्त बैठक में सभी आब्जर्वर, रिजर्व आब्जर्वर, केंद्राध्यक्षों एवं उड़नदस्ता दलों की उपस्थिति अनिवार्य है। कलेक्टर श्री सौरभ कुमार के दिशा-निर्देश में परीक्षा के सुचारू संपादन व जिला कोषालय कोरबा से परीक्षा केन्द्र के लिए गोपनीय सामग्री प्राप्त करने व परीक्षा समाप्ति पश्चात उत्तर पुस्तिका एवं अन्य सामग्री अपने निगरानी में सील कराकर समन्वयक केंद्र में जमा करने हेतु विभिन्न अधिकारियों को प्रशासनिक पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। प्रथम पाली में सेंट फ्रांसिस इंग्लिश मीडियम स्कूल नकटीखार कोरबा हेतु श्री व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अजगरबहार श्री मानसिंह राठिया, डाईट जिला जेल के पीछे हेतु प्राचार्य प्रयास आवासीय विद्यालय कोरबा श्री गौरव शर्मा, शासकीय ईव्हीपीजी कॉलेज रजगामार रोड कोरबा हेतु प्रबंधक उद्योग एवं व्यापार केंद्र कोरबा री टी. के. राठिया तथा सेंट जेवियर पब्लिक स्कूल आईटीआई रामपुर कोरबा हेतु व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुदुरमाल श्री टी. डी. टोण्डे को प्रशासनिक अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# विधानसभा बिलाईगढ़ के लिए 04 अभ्यर्थी और सारंगढ़ के लिए ने 03 अभ्यर्थी ने खरीदा नामांकन पत्र

## बिलाईगढ़ विधानसभा के लिए 01 अभ्यर्थी ने जमा किया नाम निर्देशन पत्र



जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

जिले में कलेक्टोरेट सारंगढ़ के कलेक्टर न्यायालय कक्ष में सारंगढ़ विधानसभा के लिए 26 अक्टूबर को भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के मधुलाल सारथी, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के छबिलाल रात्रे और आम आदमी पार्टी के देव प्रसाद कोशले के नाम से 03 नाम निर्देशन पत्र खरीदा गया है। इसी प्रकार बिलाईगढ़ विधानसभा सीट के लिए जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी से रामेश्वर सोनवानी, प्रबुद्ध रिपब्लिकन पार्टी से रामलाल टंडन, हमर राज पार्टी से मनोहर लाल और निर्दलीय से संतोष कुमार घृतलहरे ने नाम निर्देशन पत्र खरीदा। बिलाईगढ़ विधानसभा के लिए भारतीय जनता पार्टी बीजेपी, के दिनेश लाल जांगड़े ने नामांकन दाखिल किया है।



# कांग्रेस प्रत्याशी यू.डी. मिंज ढोल नगाड़ा और हजारों समर्थकों के साथ पहुंचे कलेक्टरेट, भरा नामांकन

## कहा जनता का आशीर्वाद मिलेगा, हमने काम किया है, भारी बहुमत से चुनाव जीतेंगे



जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

कांग्रेस के कुनकुरी विधानसभा प्रत्याशी यू.डी. मिंज ने जशपुर कलेक्ट्रेट में विधानसभा चुनाव हेतु नामांकन पत्र दाखिल किया है। इसके साथ ही पत्थलगांव के कांग्रेस प्रत्याशी रामपुकार सिंह और जशपुर से विनय भगत ने भी आज नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल प्रक्रिया के दौरान यू. डी. मिंज ने सुबह कुनकुरी के प्रसिद्ध हनुमान टेकरी में माथा टेका और पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया उसके पश्चात् हजारों समर्थकों के साथ जशपुर पहुंचे और रैनी डांड से रैली निकली कलेक्ट्रेट पहुंची जहां उन्होंने नामांकन किया। नामांकन भरने के बाद यूडी मिंज ने कहा कि कुनकुरी में हम अच्छी स्थिति में है जनता के लिए काम किये जनता का आशीर्वाद मिलेगा। हमने सबको साथ लेकर चला सभी वर्ग के लोग के लिए दिन रात काम किया है और अपने काम पर हमें विश्वास है कि जनता जरूर एक मौका देगी जिससे क्षेत्र के विकास के लिए हम काम कर सकेंगे। हमारे कार्यकर्त्ताओं का उत्साह बता रहा कि हम भारी बहुमत से चुनाव जीत रहे हैं। उन्होंने कहा मुखिया ने घोषणा की है कि छत्तीसगढ़ के किसानों का कर्ज फि र माफ करेंगे, किसानों से 20 क्विंटल धान खरीदेंगे,हमारी सरकार आने के बाद भूमिहीन मजदूर न्याय योजना की राशि सात हजार रुपए बढ़ाकर सीधे 10 हजार रुपए करेंगे। इसके अलावा गोबर के दाम भी बढ़ाएंगे। इसे लेकर पूरे प्रदेश में फिर से अच्छा रिस्पांस मिल रहा है।

# नामांकन रैली सभा में शामिल हुए भूपेश बघेल

## भूपेश ने जनता से मांगे जिले के तीनों विधानसभा

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

निर्वाचन अधिसूचना में निर्धारित तिथि से नामांकन दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई। जिला बलौदाबाजार भाटापारा अंतर्गत तीन विधानसभा क्रमशः कसडोल विधानसभा क्रमांक 44 बलौदाबाजार विधानसभा क्रमांक 45 एवं भाटापारा विधानसभा 46 आते है।

भूपेश बघेल ने अपने पांच सालो में 51 प्रकार के योजनाओं को जनता के बीच रखा एवं भाजपा के 15 साल और कांग्रेस के 5साल में विकास के अंतर को जनता के बीच को बताया और आने वाले चुनाव में अपने मत का उपयोग सूझबूझ कर देने को कहा भूपेश बघेल ने किसान मजदूर महिला शासकीय कर्मचारी भूमिहीन शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार जैसे क्षेत्रो में अपनी सरकार की उपलब्धि को जनता के रखा और ऐसे ही सभी वर्गो के सर्वांगीण विकास को निरन्तर रखना है तो ये तीनों विधानसभा को कांग्रेस पार्टी को जीतने को कहा।







कसडोल विधानसभा से संदीप साहू बलौदाबाजार विधानसभा से शैलेश नितिन त्रिवेदी एवं भाटापारा विधानसभा इंद्र कुमार साव तीनों विधानसभा प्रत्याशी द्वारा बड़ी संख्या में कार्यकर्त्ताओं के साथ मिल कर अपनी नामांकन फ ार्म भरे। तो वही शैलेश नितिन त्रिवेदी के नामांकन के लिये आज ही सैकड़ों संख्या में शामिल हुए विधायक बलौदाबाजार प्रमोद शर्मा ने साथ में जाकर नामांकन भरे। नामांकन को लेकर गहमा-गहमी शुरू हो गई है। राजनैतिक दलों ने प्रत्याशी तय कर दिए हैं। नामांकन के लिए अभी आधे सप्ताह भर का समय शेष है। बड़े राजनैतिक दलों के अलावा निर्दलीय व गैर राष्ट्रीय पार्टी के कार्यकर्ता व अभ्यर्थी समय से पहले नामांकन दाखिले की तैयारी में जुट गए है। वहीं नामांकन दाखिल करने पहुचे समर्थकों की भीड़ देखी गई।

तीनों ही अभ्यर्थियों ने क्षेत्र के विकास के साथ पार्टी के रीति नीति पर चलने की बात दोहराई। जिला निर्वाचन कार्यालय में सुबह दस बजे से ही चहल-पहल शुरू हो जाती है। कलेक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। अभ्यर्थियों के साथ केवल चार लोगों को ही नामांकन कक्ष में प्रवेश दिया जा रहा है। 100 मीटर की दूरी पर कोसाबाड़ी चौक में समर्थकों को रोक लिया जा रहा है। माना जा रहा है कि दशहरा के बाद बड़े राजनैतिक दल के अभ्यर्थी शक्ति प्रदर्शन के साथ नामांकन दाखिल करेंगे।

## एक नजर

### लक्षमण प्रसाद बैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय हुआ बैंक ऑफबड़ौदा से डिजिटलाइजेशन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

बेमेतरा जिले में स्थित लक्ष्मण प्रसाद बैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय पूर्ण रूप से बैंक ऑफबड़ौदा से डिजिटलाइजेशन हुआ। इसमें लक्ष्मण प्रसाद बैद्य कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ विनिता गौतम ने जानकारी देते हुए यह बात कही की वर्तमान युग आधुनिकता का युग है प्रत्येक क्षेत्र में इंटरनेट का प्रयोग डिजिटल के माध्यम से कार्य को आसान एवं सरल करने के लिए किया जा रहा है। इस अवसर पर धीमन घोष प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा,पद्माकर पाठक सहायक प्रबंधक बेमेतरा का प्राचार्या डॉ गौतम ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत कियाए साथ ही साथ यह भी कहा की अब महाविद्यालय के छात्राओं को परीक्षा संबधी समस्त शुल्क भी ऑनलाइन माध्यम से जमा कर सकते है, अब महाविद्यालय में किसी भी तरह के भीड़ एवं फॉर्म जमा करने के लिए चक्कर काटना नहीं पड़ेगा। साथ ही साथ यह भी कहा की बैंक ऑफबड़ौदा के द्वारा कन्या महाविद्यालय के समस्त छात्राओं का नि:शुल्क रूप से खाता खोला गया जिसके लिए कन्या महाविद्यालय बैंक ऑफबड़ौदा का आभारी रहेगा।

छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन-2023

### निर्वाचन ड्यूटी के दौरान आपातकालीन चिकित्सा की दी गई जानकारी

निर्वाचन कार्य में नियोजित अधिकारियों-कर्मचारियों को मिलेगी नि :शुल्क चिकित्सा सुविधा

**कोरबा** । विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए निर्वाचन कार्य में नियोजित शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों को राज्य के समस्त शासकीय चिकित्सालयों में नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। राज्य के शासकीय अस्पतालों में आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं होने अथवा आपातकालीन स्थिति के लिए अधिकारी-कर्मचारी राजधानी रायपुर के 4 तथा राज्य के बाहर 2 निजी अस्पतालों में अपना इलाज करा सकेंगे। इस संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग के माध्यम से निर्वाचन कार्य में संलग्न जिले के अधिकारियों-कर्मचारियों को आपातकाल में हार्ट अटैक, लकवा, मिरगी और सर्पदंश से बचाव के तरीके बताए गए। चिकित्सा सलाहकार श्री पवन राठौर और डॉ. दीप्ति श्रीवास ने हार्ट अटैक आने पर सीपीआर देने की जानकारी डेमो के माध्यम से दी।

जिला पंचायत के सभा कक्ष में निर्वाचन कार्य में संलग्न नोडल अधिकारी, सेक्टर अधिकारी, मास्टर ट्रेनर आदि को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा की गई चिकित्सकीय व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान बताया गया कि हार्ट अटैक, लकवा, मिरगी के लक्षण क्या-क्या हैं और किन परिस्थितियों में आकस्मिक बचाव के लिए प्रारंभिक तौर पर क्या-क्या उपाय किए जा सकते हैं। इसी तरह सर्पदंश की स्थिति में मौके पर सर्प की फोटो खींचने और सर्पदंश के उपर वाले स्थान पर पट्टी बांधने के संबंध में बताया गया। सर्पदंश के दौरान उक्त स्थान से जहर न चूसने कहा गया। सीएमएचओ डॉ. एस. एन. केसरी ने निर्वाचन कार्यों में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के लिए उपलब्ध कराई गई चिकित्सकीय व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा पात्रे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

#### अपनी दवाईयां साथ रखें, प्रतिदिन ध्यान, योगा करें

चिकित्सकों द्वारा निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों को तनाव से दूर रह कर योगा, ध्यान, व्यायाम करने कहा गया है। सभी को सलाह दी गई है कि वे खाली पेट न रहें। खासकर शुगर वाले मरीज नियमित रूप से कुछ खाद्य सामग्री का सेवन करते रहें। वे जो बीपी, शुगर, थॉयरायड आदि के मरीज हैं तो अपनी दवाईयां साथ रखें। किसी भी आपात स्थिति में उच्च अधिकारियों को सूचना देने के साथ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भी सूचित करें और स्वास्थ्य केंद्र में उपचार सुनिश्चित कराएं। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आयोग के निर्देश पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। निर्वाचन कार्य में आदेशित अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए राज्य के समस्त शासकीय अस्पतालों में नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। शासकीय अस्पतालों में आवश्यक सुविधा उपलब्ध ना होने की स्थिति में अथवा आपातकालीन स्थिति के लिए नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान करने हेतु राज्य एवं राज्य के बाहर अस्पतालों को भी चिन्हांकित किया गया है। राज्य के भीतर राजधानी रायपुर स्थित श्री बालाजी अस्पताल मोवा, श्री नारायणा अस्पताल देवेन्द्र नगर रायपुर, रामकृष्ण केयर अस्पताल पचपेड़ी नाका रायपुर तथा एनएचएमएमआई अस्पताल पचपेड़ी नाका रायपुर में इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी।

## मतदाता जागरूकता अभियानः कैंपस एम्बेसडर का ऑनलाईन प्रशिक्षण संपन्न

**जांजगीर-चांपा** / कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में आगामी विधानसभा निवार्चन 2023 में जिले में शत प्रतिशत मतदान एवं मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कलेक्ट्रेट के स्वान वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष में संयुक्त कलेक्टर एवं जिला स्वीप के नोडल अधिकारी डॉ. आराध्या राहुल कुमार की अध्यक्षता में उच्च शैक्षणिक संस्थानों के कैंपस एम्बेसडर का ऑनलाईन प्रशिक्षण आयोजित किया गया।




संयुक्त कलेक्टर एवं जिला स्वीप के नोडल अधिकारी डॉ. आराध्या राहुल कुमार ने कहा विशेष मतदाता जागरूकता अभियान संचालित करने में उच्च शिक्षा संस्थानों के कैंपस एम्बेसडर की विशेष भूमिका है। उन्होंने सभी उपस्थित प्रशिक्षार्थियों से कहा कि मतदान प्रक्रिया एवं उसके महत्व को समझाने के लिए विभिन्न मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन करने कहा। आगामी 02 नवम्बर को प्रत्येक शासकीय, अशासकीय तथा शिक्षा महाविद्यालय एवं डाईट, पालिटेक्निक, आईआईएचटी तथा कृषि महाविद्यालय में स्वीप से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं कार्यक्रम यथा भाषण, रंगोली, चित्रकला, नुक्कड़ नाटक इत्यादि संस्था स्तर पर आयोजित किया जाएगा तथा इनकी जिला स्तरीय प्रतियोगिता शासकीय टीसीएल पीजी कॉलेज जांजगीर में आगामी 06 नवम्बर 2023 को आयोजित की जाएगी। युवा कैम्पस अम्बेसडर्स को सोशल मीडिया के माध्यम से भी मतदाता जागरूकता अभियान को आगे बढ़ाने के लिए निर्देशित किया।

## कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ हुआ

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

इस अवसर पर पूरे विधानसभा कार्यकर्ता मौजूद रहे कार्यालय के उद्घाटन पक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने अपने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया संबोधन से कार्यकर्ताओं में भी जोश का संचार हुआ और उनमें एक नई ऊर्जा व उमंग देखने को मिली कार्यालय उद्घाटन में एनएसयूआई जिला यूथ कांग्रेस व जिला ब्लॉक कांग्रेस के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर पूर्व विधायक जनकराम वर्मा प्रदेश साहू समाज अध्यक्ष टहल राम साहू पूर्व बलौदाबाजार विधायक प्रमोद शर्मा राम गिड़लानी पूर्व विधायक नरेंद्र मिश्रा जिला प्रभारी अशोक राज आहूजा मंडी अध्यक्ष तुलसी वर्मा सहित बड़ी संख्या में बलौदाबाजार विधानसभा के कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## मेडिकल कॉलेज कोरबा में हुई न्यूरो सर्जन की नियुक्ति

**कोरबा** । मस्तिष्क मानव शरीर का सबसे उन्नत और महत्वपूर्ण अंग है। यह तंत्रिकाओं के माध्यम से शरीर के बाकी हिस्से के साथ संचार का प्राथमिक साधन के रूप में कार्य करता है। इस हेतु मस्तिष्क को प्रभावित करने वाले किसी भी क्षति या समस्या से शरीर के समग्र काम-काज पर अत्यंत प्रभाव पड़ता है। मस्तिष्क को प्रभावित करने वाले किसी भी समस्या को न्यूरो उपचार के माध्यम से ठीक किया जाता है। न्यूरो उपचार सीधे तौर पर मस्तिष्क से संबंधित,जिसके संकेतों को समझकर शरीर के अन्य अंग कार्य करते हैं। दुर्घटनाओं में घायल लोगों के उपचार में न्यूरो सर्जरी व उपचार की अहम भूमिका होती है।

कलेक्टर सौरभ कुमार द्वारा जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार हेतु सतत् प्रयास किया जा रहा है। जिसके तहत् जिला प्रशासन के सहयोग एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केसरी के प्रयासों से जिले के मेडिकल कॉलेज में न्यूरो सर्जन डॉ. नीरज प्रसाद, एम. बी. बी. एस., एम.एस., एम.सी.एच.(न्यूरो सर्जरी) की नियुक्ति की गई है। जिनके द्वारा अभी तक दुर्घटना में घायल 03 मरीजों का सफलतम् इलाज कर स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया गया है। जिसके अंतर्गत 17 वर्षीय ज्ञान प्रकाश, 35 वर्षीय बलराम एवं चैतराम शामिल हैं। चैतराम के मस्तिष्क में गंभीर रूप से चोटिल होने के कारण बेहोशी की अवस्था में थे तथा लकवाग्रस्त हो रहे थे।

## जिले में आज 05 अभ्यर्थियों ने लिए नामांकन पत्र

### 12 अभ्यर्थियों ने जमा किए नाम-निर्देशन पत्र

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत कोरबा जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए नामांकन की कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत आज कुल 05 नाम निर्देशन पत्र खरीदे गए। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-20 रामपुर तथा विधानसभा क्षेत्र कोरबा के लिए नाम निर्देशन क्रय करने वालों की संख्या शून्य रही। साथ ही विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-22 कटघोरा के लिए 02 तथा विधानसभा क्रमांक.23 पाली तानाखार के लिए 03 व्यक्तियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार की देखरेख तथा दिशा निर्देशन में जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा नामांकन प्रक्रिया की कार्यवाही प्रारंभ की गई। नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन कुल 05 नाम निर्देशन पत्र निर्वाचन कार्यालय से इच्छुक अभ्यर्थियों ने क्रय किया। साथ ही जिले में आज 12 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र जमा किया। नामांकन जमा करने वाले अभ्यर्थियों में कोरबा विधानसभा क्षेत्र से 06 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। जिसके अंतर्गत जयसिंह अग्रवाल इंडियन नेशनल कांग्रेस से, लखन लाल देवांगन भारतीय जनता पार्टी से विशाल केलकर आम आदमी पार्टी से रज्जाक अली निर्दलीय अब्दुल नफीस खान निर्दलीय एवं राजेश कुमार पाण्डेय निर्दलीय ने अपना नामांकन जमा किया। इसी प्रकार कटघोरा विधानसभा क्षेत्र से सत्यजीत बहुजन समाज पार्टी से सुरेंद्र प्रसाद जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी से, रवि कुमार रजक निर्दलीय एवं पुरूषोत्तम कंवर ने इंडियन नेशनल कांग्रेस से अपना नामांकन जमा किया। विधानसभा क्षेत्र रामपुर से फ ूल सिंह राठिया इंडियन नेशनल कांग्रेस से एवं विधानसभा पाली तानाखार से दुलेश्वरी सिदार ने इंडियन नेशनल कांग्रेस से अपना नाम.निर्देशन पत्र जमा किया। इस प्रकार अब तक जिले में कुल 53 व्यक्तियों ने नाम-निर्देशन पत्र लिए हैं। कुछ अभ्यर्थियों ने पूर्व दिनांक में भी नामांकन पत्र जमा किया है।

## व्हीव्हीपैट कमिशनिंग कार्य का दिया गया प्रशिक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 को समयबद्धता, पारदर्शिता एवं त्रुटिरहित सम्पन्न कराने हेतु जिले में निर्वाचन कार्य अंतर्गत नियुक्त किये गये सभी सेक्टर ऑफि सर, मास्टर ट्रेनर एवं ईव्हीएम, व्हीव्हीपैट कमिशनिंग कार्य हेतु संलग्न अधिकारी.कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला मास्टर ट्रेनर डॉ.एमएम जोशी द्वारा विधानसभा कोरबा एवं पाली तानाखार के मास्टर ट्रेनरों व सेक्टर ऑफि सर्स को ईवीएम मशीन का प्रशिक्षण दिया गया। ट्रेनिंग में मतदान प्रक्रिया के लिए कमीशनिंग की आवश्यकता के साथ ही ईवीएम और वीवीपैट मशीन को तैयार करने की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर कोरबा निगमायुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीमा पात्रे, डिप्टी कलेक्टर सरोज महिलांगे सहित सम्बन्धित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।





प्रशिक्षण में जिला मास्टर ट्रेनर डॉ. जोशी ने कहा कि ईवीएम संचालित करने का जितना अच्छा प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर लेंगेए उतने ही बेहतर ढंग से पीठासीन अधिकारियों व अन्य निर्वाचन में लगे कर्मचारियों को प्रशिक्षित कर सकेंगे। उन्होने कहा कि ईवीएम के प्रत्येक बिंदु की जानकारी होने से निर्वाचन कार्य कराने में आसानी होगी। डॉ जोशी ने कहा कि निर्वाचन हेतु एम-3 वोटिंग मशीनों का प्रयोग किया जा रहा है।

जिसमें एक कन्ट्रोल यूनिट सीयू से 24 बैलेट यूनिट बीयू को जोड़ा जा सकता है एवं एक बीयू में अधिकतम 16 कैण्डीडेट सेट किये जाते हैं और इस प्रकार 24 बैलेट यूनिट में कुल 384 कैण्डीडेट सेट किये जा सकते हैं। इसी प्रकारी उनके द्वारा बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, व्हीव्हीपैट के संचालन करने के साथ ही प्रत्येक मशीनों को एक दूसरे से केबल कनेक्शनों से कनेक्ट करना, सील करना, मतदान पत्र लगाना, मॉक पोल, विभिन्न प्रपत्रों सहित अन्य गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी गई।

## समोदा व्यापवर्तन को पूर्ण करना ही होगी मेरी पहली प्राथमिकता-धनीराम धीवर

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

छत्तीसगढ़ में सबसे बड़े विधानसभा क्षेत्र के रूप में जाने जाने वाले हाई प्रोफ इल सीट कसडोल विधानसभा क्षेत्र में अंतिम पड़ाव में कांग्रेस एवं भारतीय जनता पार्टी द्वारा अपनी घोषित प्रत्याशियों की सूची सबसे अंतिम समय में जारी की है जिसमें राजनीतिक पार्टी के भारतीय जनता पार्टी द्वारा कसडोल विधानसभा क्षेत्र से क्षेत्रीय प्रत्याशी धीवर समाज पर दांव खेलते हुए धनी राम धीवर को प्रत्याशी घोषित की गई है जिसमें लवन क्षेत्र के ग्राम पंचायत पनगांव में लगातर तीन बार प्रतिनिधित्व करने वाले वर्तमान समय में विगत 12 वर्षो से समाज में निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित होने वाले धनी राम धीवर को प्रत्याशी घोषित किया गया है। पार्टी द्वारा प्रत्याशित घोषित करने के पश्चात प्रथम लवन आगमन के दौरान एवं पत्रकार वार्ता के समय जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में कसडोल विधानसभा क्षेत्र क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ी विधानसभा क्षेत्र है जहां के लगभग 70 से 80: गांव में बसे हुए किसान जो खेती किसानी पर निर्भर रहता है जो कि अधिकांश समय मानसून के ऊपर भी निर्भर रहती है 70 से 80: लोग कृषि कार्य पर निर्भर रहने के बाद भी आज तक कसडोल विधानसभा क्षेत्र खासकर किसानों के लिए उपेक्षा का कारण शिकार बना हुबा है विधानसभा क्षेत्र के सबसे अंतिम छोर पर गंगरेल बांध की पानी लवन क्षेत्र एरिया तक पहुंचती है जो की अंतिम समय पर लगभग प्रतिवर्ष किसानों को धोखा दिया जाता है और अंततः किसान निराश और मायूस हो जाते हैं ऐसी विषम परिस्थिति से निपटने के लिए यदि क्षेत्र की जनता मुझे आशीर्वाद देकर विधायक के रूप में निर्वाचित करती है तो सबसे पहले मेरी प्राथमिकता होगी की समोदा डायवर्सन के माध्यम से महानदी की पानी को अंतिम छोर लवन केनाल तक पहुंचाने का प्रयास करूंगा ताकि लवन क्षेत्र की जनता की जो सबसे बड़ी समस्या मूलभूत के रूप में है उसे समाप्त किया जा सके इस बार भारतीय जनता पार्टी द्वारा लवन क्षेत्र जो सदियों से उपेक्षित पड़ा हुआ था आज लवन क्षेत्र के स्थानीय एक छोटे से कार्यकर्ता जो किसान पुत्र होने के साथ.साथ एक सामान्य परिवार से नाता रखने वाले एक सामान्य कार्यकर्ता के ऊपर जी आशा विश्वास के साथ पार्टी ने मुझे प्रत्याशी घोषित किया है निश्चित रूप से मैं जीस उम्मीद के साथ पार्टी ने मुझे विधायक का प्रत्याशी बनाया है यदि मतदताओं का आशीर्वाद मुझे मिलता है तो मैं निर्वाचित होने के बाद पूर्ण रूप से गरीब जनता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा।



# धरमजयगढ़ सिविलि अस्पताल में ओपीडी कर्मचारी के मनमानी रवैया से मरीज हो रहे परेशान





जोहार छतीसगढ़–
धरजयगढ़।

धरमजयगढ़ सिविल अस्पताल में मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। जिस तरह से मौसम में भारी उतार चढाव देखने को मिल रहा उससे ओपीडी में मरीज कम होने का नाम नहीं ले रहे। स्थिति यह हो गई है की भीड़ के सामने अस्पताल व्यवस्था लचर होती दिखाई पड़ रही समय से ओपीडी खुलने के कई मिनटों बाद भी कर्मचारी गायब रहते हैं। वही मरीजों की लम्बी कतार बाहर लगी रहती है। जिसमे कई गंभीर स्थिति के मरीज डॉक्टर से जांच करवाने के लिए पर्ची कटवाने लाइन में खड़े रहते हैं और वहीं कई मरीजों को तत्काल दवा की आवश्यकता से लाइन में खड़े दिखाई देते हैं।

मामले की गंभीरता को ना समझते हुए ओपीडी के कर्मचारी आपस में हंसी मजाक बातचीत करने में मस्त रहते हैं। उनको पता भी नहीं रहता कि इधर मरीजों की लंबी लाईन की कतार बढ़ते जा रही है उनको पता भी नहीं रहता क्योंकि ओपीडी कर्मचारी बीतचीत करने में व्यस्त रहते हैं और ओपीडी के कर्मचारी से दवा की मांग करने पर दूसरे कर्मचारी के रजिस्टर ले जाने की बात कही जाती है। वही मरीजों द्वारा दूसरी कर्मचारी के पास जाकर जल्दी ओपीडी में चलने का आग्रह किये जाने पर उन्हें वापस ओपीडी भेज दिया जाता है।

जिसके कारण मरीजों एक कर्मचारी से दूसरे कर्मचारी के पास चक्कर लगाते–लगाते लगभग आधे घंटे तक लाइन लगाकर ओपीडी के बाहर इंतजार करना पड़ता है यदि इस प्रकार अस्पताल प्रशासन की रवैया रही तो कभी कोई मरीज को इधर–उधर चक्कर लगाने की वजह से जान भी गवांनी पड़ सकती है।

## चाकू से गला रेतकर युवक की हत्या

**कोरबा** । नगर के पंडित रवि शंकर शुक्ल नगर में रहने वाले एक युवक की लाश कुदूरमाल स्थित नहर में मिली है। युवक का नाम मनीष सारथी था। परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका जताई है। बताया जा रहा है कि युवक एक लड़की से बात करता था। इसके चलते लड़की का ब्वॉयफ्रेंड नाराज था। मामला उरगा थाना क्षेत्र का है।

बताया जा रहा है कि मनीष सारथी की उसके ही दफ्तर में काम करने वाली एक लड़की से जान पहचान थी। वो उससे बातचीत भी किया करता था। परिजनों का आरोप है कि लड़की ने अपने ब्वॉयफ्रेंड के साथ मिलकर मनीष की हत्या कर लाश नहर में फेंक दी है।

बताया जा रहा है कि एक दिन पहले सुनालिया पुल के पास स्थित उद्यान में कुछ युवकों के बीच झड़प हुई थी। पुलिस के पहुंचने पर सभी भाग गए थे। वहीं मौके पर पुलिस को मनीष की बाइक मिली और अगले दिन उसका शव नहर से बरामद किया गया। परिजनों ने बताया कि मनीष और लड़की दोनों ही टीपी नगर की एक एजेंसी में काम करते थे। मनीष का लड़की से बातचीत करना उसके ब्वॉयफ्रेंड को पसंद नहीं था। आरोप लगाया कि यही वजह है कि साजिश रचकर मनीष की हत्या करवा दी गई। मनीष के शरीर पर कई जगह चाकू से वार के निशान मिले हैं।

## कांग्रेस को झटका, पाली तानाखार से चुनाव लड़ेंगे छत्रपाल सिंह कंवर

**कोरबा** । जिला पंचायत कोरबा की अध्यक्ष शिवकला कंवर के पति छत्रपाल सिंह कंवर कांग्रेस से बगावत कर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगी की टिकट पर पाली तानाखार क्षेत्र से विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे। बुधवार को जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगी ने उनके नाम की आधिकारिक घोषणा की है। कंवर ने कांग्रेस से टिकट मांगी थी और टिकट नहीं मिलने पर बगावत की राह पकड़ ली है। जिला पंचायत कोरबा के अध्यक्ष पद पर कांग्रेस का कब्जा है। कांग्रेस नेता छत्रपाल सिंह की पत्नी इस पद पर है। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगी ने बुधवार को 11 प्रत्याशियों की सूची जारी की है जिसमें पाली तानाखार विधानसभा क्षेत्र से छत्रपाल सिह को अपना प्रत्याशी बनाया है। छत्रपाल सिह की बगावत से कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ गई है। पाली तानाखार क्षेत्र में पूर्व विधायक मोहित राम की टिकट काटकर कांग्रेस ने उनके स्थान पर पाली जनपद पंचायत की अध्यक्ष दुलेश्वरी सिदार को प्रत्याशी घोषित किया है। इससे पूर्व विधायक मोहित राम नाराज हैं। हालांकि उन्होंने ऐसी किसी नाराजगी से इनकार किया है, लेकिन सूत्र बताते हैं कि उनके समर्थक पर्दे के पीछे से कांग्रेस प्रत्याशी का भरपूर विरोध करेंगे और उनकी राह में कांटे बिछाने से पीछे नहीं रहेंगे।

**अब झाखरपारा समिती के 9 गांव के ग्रामीणों ने धान नहीं बेचने का लिया निर्णय**

## अब तक देवभोग तहसील के 4 सहकारी समिति के अधीन आने वाले 45 गांव के किसानों ने सूखा घोषित कर क्षतिपूर्ति और बीमा की कर चुके हैं मांग

एसडीएम बोले सर्वे रिपोर्ट के आधार पर शासन तय करता है सुखा







**देवभोग।** बुधवार को झाखरपारा सहकारी समिति के अधीन आने वाले पंचायत झाखरपारा, कोदोभांठा,उसरीपानी,कोडकीपारा के 9 गांव के किसानों ने अब समर्थन मूल्य में धान नहीं बेचने का निर्णय लिया हैं। किसान प्रतिनिधि असलम मेमन,श्यामलाल यादव, बीरबाहू चंद्राकर,राजनेद्र ध्रुवा, दुर्जन चंद्राकर,कैलाश यादव, जदूराम यादव,केशबो मांझी, लच्छिन यादव के नेतृत्व में तहसील ऑफिस पहुंचकर 100 से ज्यादा किसानों ने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौपा। एसडीएम के नाम वरिष्ट कृषि अधिकारी जे आर नाग को सौंपे ज्ञापन में इस सीजन में धान नहीं बेचने के निर्णय को अवगत कराते हुए कहा कि,बारिश के अभाव में उनके फसल नष्ट हो गए है। उन्हें नुकसान की भरपाई के लिए फसल क्षतिपूर्ति,बीमा के अलावा क्षेत्र को सुखा ग्रस्त घोषित करने की मांग किया है। किसानों ने ज्ञापन सौंपने से पहले किसानों ने झाखरपारा में एक बैठक किया।फिर तहसील मुख्यालय पहुंच रैली के शक्ल में ज्ञापन देने तहसील दफ्तर पहुंचे।पिछले 15 दिनों ने देवभोग तहसील के निष्टिगुडा,झिरिपानी, दीवानमुड़ा और सिनापाली समिति मिलाकर 45 गांव के किसान सुखा क्षेत्र घोषित करने की मांग कर चुके हैं। मामले में एसडीएम अर्पिता पाठक ने कहा की अधिकतम 33 प्रतिशत पैदावारी तक क्षतिपूर्ति राशि देने का प्रावधान है। शासन द्वारा संभावित सुखा क्षेत्र से वर्षा की मांगी गई रिपोर्ट समय समय पर भेजा गया है। अभी सर्वे जारी है,कृषि और राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त रूप से फसल प्रयोग रिपोर्ट तैयार किया जा रहा है,जिसे ऊपर भेज दिया जाएगा। रिपोर्ट के आधार पर शासन सुखा और बीमा क्लेम तय करेगा।

सुखा ने कमर तोड़ा दिया–पीड़ित किसानों ने अपना दर्द बयां करते बताया की समय पर नहीं हुए बारिश ने किसानों का कमर तोड दिया है। बारिश के अभाव में 40 फीसदी रकबे में रोपा बियासी नहीं हो सका,जबकि इतने प्रतिशत रकबे का उत्पादन सूखे की भेंट चढ़ गया। किसानों ने बताया की वर्तमान में उनके फसल की पैदावारी इतना भी नहीं हुआ,जितने का लागत निकल जाए। इसलिए किसानों ने फसल नही बेचने का निर्णय लिया है। सुखा और बीमा क्लेम की राशि अगर सरकारी मापदंड में नहीं उतरा तो किसानों को इस चुनावी सीजन में भारी नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।

## जनता ने बृजमोहन का राजतिलक किया





**रायपुर** वरिष्ठ भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने अपनी चुनावी तैयारियां तेज कर दीं हैं। इसी के मद्दे नज़र बृजमोहन अग्रवाल ने बुधवार को श्याम नगर, रावतपुरा फेस 1 और पीएस सिटी चंगोराभाठा में ताबड़तोड़ बैठकें लीं। बृजमोहन अग्रवाल देर शाम चंगोराभाठा के पीएस सिटी पहुंचे जहां लोगों ने उनका तिलक कर स्वागत किया। बृजमोहन ने स्थानीय लोगो से मुलाकात की और उन तक अपनी और भाजपा की बात पहुचायी। बैठक का आयोजन पीएस सिटी स्थित पार्क में किया गया था। बैठक में बड़ी संख्या में सोसायटी के पुरुष और महिलाएं शामिल हुईं। इसके बाद बृजमोहन अग्रवाल रावतपुरा फेस 1 पहुंचे जहां प्रेम प्रकाश गजेंद्र के आवास पर बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में नारायण सिंह ठाकुर, सतीश सोनकर, कौशल्या साहू समेत स्थानीय महिला और पुरुष मौजूद थे।

इन मुलाकात के दौरान स्थानीय लोगों ने सड़क, पानी और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं को बेहतर करने की मांग भी की, बृजमोहन ने सरकार बनने के बाद उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। बृजमोहन ने इन बैठकों में मौजूदा कांग्रेस सरकार की नाकामियों और भाजपा सरकार की उपलब्धियों के साथ ही अपनी भविष्य की योजनाओं को जनता के सामने रखा और उनसे छत्तिसगढ़ के विकास के लिए भाजपा को वोट देने की अपील की। बृजमोहन अग्रवाल ने स्थानीय लोगो से उनके दोस्तों और रिश्तेदारों को भी भाजपा के पक्ष में लाने की अपील की।

बैठक में शामिल लोगों ने भी बृजमोहन अग्रवाल को एक बार पुनः रायपुर दक्षिण से विधायक बनाने का आशीर्वाद दिया।



## तलवार लहराकर भयाकांत करने वाले तीन आरोपी जेल दाखिल

जोहार छतीसगढ़–
जांजगीर चांपा।

सार्वजनिक जगह पर तलवार लहराकर भयाक्रांत करने वाले तीन आरोपियों के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये नवागढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।




इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये नवागढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार शेंडे ने अरविन्द तिवारी को बताया गत दिवस 24 अक्टूबर को सार्वजनिक जगह पर तीन व्यक्तियों के द्वारा तलवार लहराते हुये थाना नवागढ़ पुलिस को वीडियो प्राप्त हुआ था। जिसकी तस्दीक हेतु थाना नवागढ़ पुलिस द्वारा ग्राम भैसमुड़ी जाकर वीडियो में दिख रहे आरोपियों के संबंध में पता किया गया। वहां आरोपी शिवा केवट, वैभव सिंह, आकाश सिंह होना पाये जाने पर आरोपियों के निवास में जाकर आरोपियों से पूछताछ किया गया।

पूछताछ में उन्होंने घटना घटित करना स्वीकार किया तथा आरोपियों के कब्जे से एक–एक नग लोहे के तलवार को गवाहों के समक्ष जप्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध थाना नवागढ़ में अलग–अलग अपराध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कायम किया गया। विवेचना के दौरान आरोपियो के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाये जाने से नवागढ़ पुलिस ने तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। उपरोक्त कार्यवाही में नवागढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार शेंडे, उपनिरीक्षक रमेश एक्का, एएसआई बाबूलाल दिवाकर, आरक्षक जनक कश्यप, भुनेश्वर पटेल, कुलदीप खूंटे एवं थाना स्टाफ नवागढ़ का सराहनीय योगदान रहा।

### गिरफ्तार आरोपीगण

शिवा केवट उम्र 22 साल वर्ष, वैभव सिंह उम्र 19 वर्ष और आकाश सिंह उम्र 28 वर्ष सभी निवासी भैसमुड़ी, थाना नवागढ़, जिला जांजगीर चांपा।

## एक नजर

### 21 लीटर महुआ शराब किया गया जप्त

**कोरबा** । पुलिस अधीक्षक कोरबा जितेंद्र शुक्ला द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही करने निर्देशित दिए गए हैं जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षके श्री अभिषेक वर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री भूषण एक्का के मार्गदर्शन में मंगलवार को थाना उरगा पुलिस टीम को 21 लीटर महुआ शराब पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है मुखबिर के सूचना के आधार पर ग्राम बागबुडा में आरोपी लक्ष्मण बघेल पिता बंशीलाल बघेल उम्र 46 वर्ष निवासी बागबूडा के कब्जे से अलग अलग डिब्बों में भरे कुल 21 लीटर महुआ शराब एवम शराब बनाने का बर्तन बरामद कर जप्त किया गया है तथा आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) 59 (क) आबकारी अधिनयम के तहत प्रकरण तैयार कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

### एनटीपीसी ने हरित ईंधन और हरित उर्वरक के लिए ईआईएल के साथ समझौता ज्ञापन पर किये हस्ताक्षर

**कोरबा** । एनटीपीसी ने इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल) के साथ एक एमओए पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें नेत्रा (एनटीपीसी लिमिटेड का अनुसंधान एवं विकास केंद्र) कार्बन कैप्चर यूटिलाइजेशन एंड स्टोरेज (सीसीयूएस), ग्रीन फ्यूल, ग्रीन हाइड्रोजन सहित ग्रीन केमिकल्स के क्षेत्र में सहयोगी परियोजनाएं शुरू कर सकता है। हरित अमोनिया आदि, हरित उर्वरक, जैव–ईंधन, डीकार्बोनाइजेशन, अपशिष्ट प्रबंधन, पानी, राख आदि स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण की ओर ले जाते हैं। एमओए पर एनटीपीसी लिमिटेड के निदेशक (परियोजनाएं) यू.के. भट्टाचार्य और ईआईएल के निदेशक (वाणिज्यिक) अतुल गुप्ता ने एनटीपीसी के निदेशक (वित्त) जयकुमार श्रीनिवासन, निदेशक (तकनीकी) राजीव अग्रवाल की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। एनटीपीसी लिमिटेड भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनी है, जो देश की बिजली आवश्यकता का 1/4 योगदान करती है। 73 गीगावॉट से अधिक की स्थापित क्षमता और थर्मल, हाइड्रो, सौर और पवन ऊर्जा संयंत्रों के विविध पोर्टफोलियो के साथ, एनटीपीसी देश को विश्वसनीय, सस्ती और टिकाऊ बिजली प्रदान करने के लिए समर्पित है। कंपनी सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने, नवाचार को बढ़ावा देने और हरित भविष्य के लिए स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है। एनटीपीसी समूह की वर्ष 2032 तक 60 गीगावॉट आरई क्षमता की योजना है और यह डीकार्बोनाइजेशन की दिशा में हाइड्रोजन मिश्रण, कार्बन कैप्चर और ईंधन सेल बसें जैसी कई पहल कर रहा है।

### चुनाव आयोग ने तय की प्रत्याशी के लिए अधिकतम खर्च राशि सीमा

प्रत्याशी खर्च कर सकेंगे 40 लाख

**कोरबा** । निर्वाचन आयोग ने चुनावी सामग्री की दर निर्धारित करने के साथ ही हर प्रत्याशी के लिए अधिकतम खर्च सीमा भी तय कर दी हैं। प्रत्येक प्रत्याशी 40 लाख खर्च कर सकता है। इसके साथ ही सामानों की भी कीमत निर्धारित कर दी गई है। महंगाई के चलते खाने–पानी की वस्तु सहित प्रचार में उपयोग होने वाली सामाग्री के दाम में वृद्धि की गई है। इसके आधार पर राशि की गणना की जाएगी। फ्लेक्स की कीमत बढ़ने से प्रत्याशी के लिए परेशानी बढ़ गई है, इससे काफी राशि फ्लेक्स छपाने में खर्च हो जाएगी। वहीं बैनर पोस्टर में भी इजाफा होने से शहर में कम नजर आएंगे। चुनाव आयोग ने वर्ष 2013 के चुनाव में 13 लाख तथा वर्ष 2018 के चुनाव में 28 लाख खर्च करने की छूट दी थी, पर इस बार इसमें वृद्धि करते हुए 40 लाख रुपये निर्धारित कर दिया है। राशि खर्च होने के बाद 3 बार प्रत्याशियों को आय–व्यय का ब्यौरा निर्वाचन शाखा के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। प्रत्याशियों के किए जाने वाले खर्च पर निगरानी करने के लिए निर्वाचन अधिकारी ने टीम गठित कर दी है। साथ ही राजनीतिक दलों को इसकी जानकारी दे दी गयी हैं। खर्च की राशि बढ़ाए जाने से राजनीतिक दलों के समर्थक भी चिंता–मुक्त हो चुके हैं कि उन्हें सीमित खर्च करने में कई बार दिक्कत होती थी, पर अब राशि बढ़ जाने से किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी। हालांकि यह राशि मतदान तक खर्च करना है और चुनाव परिणाम तक अंतिम खर्च का ब्यौरा प्रस्तुत करना होगा। चुनाव प्रचार में लगने वाली सामाग्री के साथ ही खाने–पीने का सामान, फूल माला, कुर्सी, वाहन, हेलीकाप्टर, एयर स्ट्रीप, ढोल–नगाड़े, लाउड स्पीकर सहित सभी प्रकार के सामान के दाम तय कर राजनीतिक पार्टी को सूची सौंप दी गई है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला–रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक –**नारायण बाईन,** फोन –फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in